CMYK

RNI.No. — GUJHIN/2012/45192

# सूरत भूमि

हिन्दी दैनिक

संपादक : संजय आर. मिश्रा

वर्ष-10 अंक: 171 ता. 02 जनवरी 2022, रविवार , कार्यालय:114, न्यु प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेंट, डिंडोली, डिंडोली, उधना सूरत ( गुजरात ) मो. 9327667842, 9825646069 पृष्ठ: 8 कीमत: 2:00 रुपये

ho@suratbhumi.com /Suratbhumi.com /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi

# वैष्णो देवी में श्रद्धालुओं के बीच धक्का-मुक्की के बाद भगड़दड़, 12 लोगों की मौत 26 घायल

## हादसे की उच्च स्तरीय जांच का आदेश, हेल्पलाइन जारी



**नई दिल्ली।**

नए साल की पहली ही सुबह माता वैष्णो देवी मंदिर परिसर मची भगदड़ में कुचलकर 12 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 26 लोग जख्मी हैं। घायलों में तीन लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीजीपी दिलबाग सिंह ने बताया कि यह हादसा तड़के 2ः45 बजे हुआ। जब लाइन में लगे कुछ लोगों के बीच बहस हुई और फिर उनके बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसके बाद लोग भागने लगे, जिसके चलते यह हादसा हुआ। नए साल के पहले ही दिन हुए हादसे पर पीएम नरेंद्र मोदी ने दुख प्रकट किया है। वह पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह घटना स्थल के लिए रवाना हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि हादसे में मौत का शिकार होने वाले बारह लोगों में सात की पहचान कर ली गई है, जबकि बाकी की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने युवकों के विवाद को हादसे की वजह बताया है। उन्होंने कहा दर्शन के लिए लाइन में लगे कुछ लोगों के बीच धक्का-मुक्की शुरु हुई, इसके चलते भगदड़ मच गई। डीजीपी सिंह ने कहा अफसोस की बात है। रात 2ः30 बजे करीब गेट नंबर पर 3 पर लाइन में लगे कुछ लोगों में बहस हुई, फिर धक्कामुक्की हुई हो गई। इसके बाद मची भगदड़ की वजह से यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद यात्रा कुछ देर के लिए रोकी गई थी, लेकिन अब इसे फिर से शुरू कर दिया गया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।

**श्राइन बोर्ड ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर**

वैष्णो देवी मंदिर श्राइन बोर्ड ने हादसे के पीड़ितों के परिजनों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। श्राइन की बोर्ड द्वारा जारी किए गए 01991234804 और 01991234053 नंबरों पर कॉल करके वैष्णो देवी गए अपने परिचितों या परिजनों की स्थिति जानी जा सकती है। जिला प्रशासन की ओर से ये नंबर जारी किए गए हैं-पीसीआर कटरा 01991-232010/ 9419145182, पीसीआर रियासी 01991245076/ 9622856295; रियासी कंट्रोल रूम 01991-245763/ 9419839557।

**नए साल के मौके पर जुटे थे 80 हजार श्रद्धालु**

वैष्णो देवी मंदिर परिसर के ड्यूटी ऑफिसर जगदेव सिंह ने बताया कि मृतकों में एक शख्स जम्मू-कश्मीर के ही राजौरी का रहने वाला है। इसके अलावा अन्य 11 लोग देश के अलग-अलग राज्यों के हैं। अब तक मृतकों में से 7 लोगों की पहचान कर ली गई है। 5 अन्य लोगों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। इस हादसे में 14 लोग जख्मी हुए हैं, जिन्हें वैष्णो देवी नारायणा सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से कई लोगों की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया नए साल की पूर्व संध्या पर मंदिर में करीब 70 से 80 हजार श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंचे थे। एक स्थानीय दुकानदार ने कहा श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं की संख्या तय नहीं की थी। त्रिकुटा हिल्स में ज्यादा श्रद्धालु नहीं ठहर सकते हैं। ऐसे में उन्हें कटरा बेस कैंप में ही रोकना चाहिए था और उनकी संख्या भी तय करनी चाहिए थी।

# पहला कॉलम

## सीमा पर किसी की हिमाकत बर्दास्त नहीं, सैन्य कमांड से लेकर अनंत ब्रह्मांड तक लहराया भारत का परचम

**नई दिल्ली ।**

भारत लगातार अपनी सैन्य शक्ति में इजाफा कर रहा है। आज देश में स्वचालित रूसी राइफल क्लाशनिकोव का अत्याधुनिक संस्करण एके-203 बनाने की तैयारी है। ब्रह्मोस मिसाइल से हम विश्व को बता रहे हैं कि सीमा पर किसी हिमाकत को रौंद देंगे। पृथ्वी और अग्नि मिसाइल व तीसरी पीढ़ी का अर्जुन टैंक दुश्मनों का हौसला पस्त करने को काफी है। हमारे जवानों और विज्ञानियों ने साहस और सफलता की कहानियां लिखी हैं। सात दशक से हमारे जवान और विज्ञानी न थके हैं, न रुके। हथियार से लेकर साजोसामान तक यहीं बनने लगा है। चंद्रयान और मंगलयान के बाद गगनयान की तैयारी है। जनबल, मनबल और सृजनबल से सुसज्जित हमारे रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र की गौरवगाथा बता रहे हैं महेश शुक्लः बिना थके, बिना रुके, स्वतंत्रता के समय हमारे पास चार लाख सैनिकों की सेना थी। आज जवानों की संख्या 14 लाख से ऊपर है। तब भी और अब भी हम शौर्य में सब पर भारी पड़ते हैं। चाहे कारगिल हो या गलवन। हथियार और रक्षा सामग्री की दिशा में हमने उल्लेखनीय प्रगति की है। 1958 में बने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संस्थान (डीआरडीओ) ने विचारों को जन्म दिया और आयुध फैक्टियों ने उन्हें वास्तविकता में बदला।

## तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में आग लगी चार की मौत 8 घायल

**नई दिल्ली ।**

तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना में चार श्रमिकों की मौत हुई है और आठ अन्य घायल हुए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने प्रारंभिक सूचना का हवाला देते हुए बताया कि तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में स्थित एक पटाखा फैक्ट्री परिसर में अज्ञात कारणों से आग लग गई और इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। इसमें एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया है। जानकारी के मुताबिक, व्यक्ति 20 प्रतिशत झुलस गया है, जिसके बाद उसे दूसरे अस्पताल रिफर किया गया है। वहीं अन्य को मामूली चोट आई है। उन्होंने कहा कि यह फैक्ट्री यहां से करीब 30 किलोमीटर दूर एक गांव में स्थित है और मामले की जांच की जा रही है और दुर्घटना के कारणों का भी पता लगाया जा रहा है।

## महाराष्ट्र में तीसरी लहर को हल्के में न लें, 80 लाख तक जा पहुंचेगा संक्रमण, 80 हजार होंगी मौतें

**मुंबई ।**

नए साल के पहले दिन ही महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में 80 लाख कोरोना केसों और 80,000 मौतों की संभावना जताते हुए आगाह किया है कि तीसरी लहर को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) डॉ प्रदीप व्यास ने सभी जिला कलेक्टरों और स्वास्थ्य अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि तीसरी लहर में कोविड संक्रमणों की संख्या बहुत ज्यादा होने जा रही है। व्यास ने कहा अगर तीसरी लहर में 80 लाख कोविड मामले आए और केवल 1 प्रतिशत मामलों में मरीज की मौत हो तो भी मौतों का आंकड़ा 80,000 जा पहुंचेगा। उन्होंने अधिकारियों का आह्वान किया कि वे यह मानकर न चलें कि तीसरी कोविड-ओमिक्रॉन लहर हल्की है। यह उन लोगों के लिए भी उतना ही घातक है, जिनका टीकाकरण नहीं हुआ है और उन्हें कई दूसरी बीमारियां हैं। इसलिए टीकाकरण कवरेज में सुधार किया जाना चाहिए और लोगों की जान बचानी चाहिए। पत्र सभी संभागीय आयुक्तों, जिला कलेक्टरों, नगर आयुक्तों और जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को भेजा गया है।

## शिमला में बम विस्फोट की धमकी के बाद पुलिस ने की नाकेबंदी, शुरु किया सघन तलाशी अभियान

**शिमला ।**

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान को बम से उडाने की साजिश का पता चलते ही पुलिस प्रशासन सर्तक हो गया है। शिमला की नाकाबंदी कर दी गई है। धमकी की वजह से पुलिस ने रिज मैदान को खाली करवाकर वहां धारा 144 लागू की है। प्रशासन की इस कसरत की वजह से शिमला में दहशत का महौल पैदा हो गया है। दरअसल, शिमला में नए साल के जश्न की तैयारी में उस समय खलल पड गया जब पाकिस्तान समर्थित कुछ दहशत गर्दों की ओर से बम धमाके की धमकी के बाद रिज मैदान खाली करवा लिया गया। यहां भारी पुलिस बल के साथ बम स्क्वाड और डॉग स्क्वाड तैनात हैं। राजधानी शिमला में नए साल का जश्न मनाने के लिए पर्यटकों की भारी भीड़ जुट गई थी कि साढ़े 7 बजे अचानक शिमला के पुलिस ने रिज मैदान को खाली करवाना शुरू कर दिया। पुलिस व प्रशासन ने बताया पाकिस्तान ने रिज मैदान पर 10 बजे तक धमाका करने की धमकी दी है। शिमला के एसपी के निर्देश पर सक्रिय हुई स्थानीय पुलिस ने सभी होटलों, गेस्ट हाउस व धार्मिक प्रतिष्ठान की जांच के आदेश दिए हैं। धमकी देने वाले शख्स की अभी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उसका पता लगाने का प्रयास कर रही है। पूरे शिमला शहर की नाकाबंदी कर सघन जांच पड़ताल की जा रही है।

# हमारी अर्थव्यवस्था की विकास दर 8 प्रतिशत से भी ज्यादा : मोदी

## पीएम बोले- भारत में रिकॉर्ड विदेशी निवेश आया, जीएसटी कलेक्शन में भी पुराने रिकॉर्ड हुए ध्वस्त



**नई दिल्ली ।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज जब हम नव वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, तब बीते साल के अपने प्रयासों से प्रेरणा लेकर हमें नए संकल्पों की तरफ बढ़ना है। इस साल हम अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे करेंगे। ये समय देश के संकल्पों की एक नई जीवंत यात्रा शुरू करने का है। पीएम मोदी ने शनिवार को पीएम किसान सम्मान निधि की 10वीं किस्त सीधे किसानों के खातों में हस्तांतरित की। इस दौरान उन्होंने वैष्णो देवी में हुए हादसे पर सबसे पहले दुख जताया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने भगदड़ में अपनों को खोया है, जो घायल हैं मेरी संवेदनाएं उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार, जम्मू-कश्मीर प्रशासन के लगातार संपर्क में है। मेरी लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा जी से भी बात हुई है। राहत के काम का, घायलों के उपचार का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज देश के करोड़ो किसान परिवारों को, विशेषकर छोटे किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 10वीं किस्त मिली है। किसानों के बैंक खातों में 20 हजार करोड़ रूपए ट्रांसफर किए गए हैं। आज हमारे किसान, किसान उत्पाद संघ इससे जुड़े किसानों को आर्थिक सहायता भी भेजी गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कितने ही लोग देश के लिए अपना जीवन खपा रहे हैं, देश को बना रहे हैं। ये काम पहले भी करते थे, लेकिन इन्हें पहचान देने का काम अभी हुआ है। हर भारतीय की शक्ति आज सामूहिक रूप में परिवर्तित होकर देश के विकास को नई गति और नई ऊर्जा दे रही है। उन्होंने कहा कि आज हमारी अर्थव्यवस्था की विकास दर 8 प्रतिशत से भी ज्यादा है। भारत में रिकॉर्ड विदेशी निवेश आया है। हमारा विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा है। जीएसटी कलेक्शन में भी पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त हुए हैं। निर्यात और विशेषकर कृषि के मामले में हमने नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। आज हमारा देश अपनी विविधता और विशालता के अनुरूप ही हर क्षेत्र में विकास के भी विशाल कीर्तिमान बना रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2021 में भारत ने करीब-करीब 70 लाख करोड़ रुपए का लेन-देन सिर्फ यूपीआई से किया है। आज भारत में 50 हजार से ज्यादा स्टार्ट-अप्स काम कर रहे हैं। इनमें से 10 हजार से ज्यादा स्टार्ट्स अप्स तो पिछले 6 महीने में बने हैं।

## भारत और पाकिस्तान ने परमाणु संस्थानों की सूची साझा की

**नई दिल्ली।**

भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे को अपनी-अपनी परमाणु प्रतिष्ठानों और फैसिलिटिज की जानकारी दी ताकि शत्रुता की स्थिति में वे इनसे एक-दूसरे पर हमला न करें। पिछले तीन दशक से चली आ रही शत्रुता के बावजूद दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों की पुरानी परंपरा को बनाए रखा है। दोनों देशों ने एक-दूसरे की जेलों में बंद कैदियों की सूची भी साझा की। इस दौरान भारतीय पक्ष ने पाकिस्तान से कैदियों, लापता भारतीय रक्षा कर्मियों और मछुआरों की शीघ्र रिहाई की मांग की। परमाणु प्रतिष्ठानों और फैसिलिटिज की सूची नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के माध्यम से दी गई। शनिवार को दोनों देशों के राजनयिकों ने परमाणु प्रतिष्ठानों की जानकारी के साथ-साथ एक-दूसरे पर इन हथियारों से हमला न करने का समझौता किया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ÷दोनों देशों के बीच इस तरह की सूचियों का लगातार 31वां आदान-प्रदान है, सबसे पहला समझौता जनवरी 1992 को हुआ था। नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के माध्यम से जो जानकारी साझा की गई, इसके मुताबिक भारत में वर्तमान में 282 पाकिस्तानी नागरिक कैदी और 73 मछुआरे हैं। दूसरी ओर, पाकिस्तान की हिरासत में 51 नागरिक कैदी और 577 मछुआरे हैं जो या तो भारतीय हैं या भारतीय माने जाते हैं। इन सूचियों का आदान-प्रदान मई 2008 में हस्ताक्षरित कांसुलर एक्सेस पर समझौते के प्रावधानों के अनुरूप किया जाता है। इस समझौते के तहत, दोनों पक्ष हर साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को व्यापक सूचियों का आदान-प्रदान करते हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, ÷सरकार ने पाकिस्तान की हिरासत से नागरिक कैदियों, लापता भारतीय रक्षा कर्मियों और मछुआरों को उनकी नौकाओं के साथ जल्द से जल्द रिहा करने और स्वदेश भेजने का आह्वान किया है।÷

## कोरोना से जंग में अफगानिस्तान की मदद को आगे आया भारत 500,000 कोविड-19 वैक्सीन की गिफ्ट

**नई दिल्ली ।**

भारत ने शनिवार को काबुल में इंदिरा गांधी चिल्ड्रन हॉस्पिटल को कोविड-19 टीकों की 500,000 खुराक दान कीं और आने वाले हफ्तों में अफगानिस्तान के लोगों के लिए मानवीय सहायता के हिस्से के रूप में 500,000 और टीके भेजने का वादा किया है। टीकों को ईरान की %महान एयर% की उड़ान के माध्यम से काबुल भेजा गया था क्योंकि वर्तमान में भारत और अफगानिस्तान के बीच कोई सीधी उड़ान नहीं है। इससे पहले भी भारत ने इसी अस्पताल में 1.6 टन जीवन रक्षक दवाएं भेजी थीं, जिसकी तालिबान ने प्रशंसा की थी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ÷आज, भारत ने अफगानिस्तान को कोविड-19 वैक्सीन (कोवैक्सिन) की 500,000 खुराक से युक्त मानवीय सहायता के अगले बैच की आपूर्ति की। इसे इंदिरा गांधी अस्पताल, काबुल को सौंप दिया गया।÷ बयान में कहा गया है, ÷आने वाले हफ्तों में अतिरिक्त 500,000 खुराक की आपूर्ति की जाएगी।÷ 11 दिसंबर को, भारत सरकार ने काबुल में इंदिरा गांधी बाल स्वास्थ्य संस्थान को एक विशेष चार्टर उड़ान से 1.6 टन दवाएं भेजीं, जिसमें अफगानिस्तान के तालिबान के कब्जे के बाद भारत में फंसे 85 अफगान नागरिकों को भी भेजा गया था। इसी फ्लाइट से एक 104 लोग, जिनमें ज्यादातर अफगान सिख और हिंदू थे, काबुल से नई दिल्ली लाए थे। शनिवार को दिए गए टीकों की तरह अन्य दवाएं विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के माध्यम से भेजी गईं।

## आईएमए, आईआईटी दिल्ली और जामिया समेत 6000 संस्थानों का एफसीआरए लाइसेंस खत्म

**नई दिल्ली ।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली, जामिया मिलिया इस्लामिया, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) और नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय उन 6,000 के लगभग संस्थानों में शामिल हैं, जिनका विदेशी चंदा (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण शनिवार को समाप्त हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि इन संस्थानों ने या तो अपने एफसीआरए लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया या केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उनके आवेदनों को खारिज कर दिया। विदेशी चंदा (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) से संबंधित आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, जिन संगठनों और संस्थानों का एफसीआरए के तहत पंजीकरण समाप्त हो गया है या वैधता समाप्त हो गई है, उनमें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, लालबहादुर शास्त्री मेमोरियल फाउंडेशन, लेडी श्री राम कॉलेज फॉर वुमन, दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग और ऑक्सफैम इंडिया शामिल हैं। एफसीआरए के तहत पंजीकृत गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) और इसके सहयोगियों की गतिविधियों को नियंत्रित करने वाले केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि अधिनियम के तहत पंजीकरण शनिवार (1 जनवरी) को समाप्त माना गया है। विदेशी चंदा प्राप्त करने के लिए किसी भी संगठन और एनजीओ के लिए एफसीआरए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। शुक्रवार तक 22,762 एफसीआरए रजिस्टर्ड एनजीओ थे। शनिवार को यह घटकर 16,829 हो गए, क्योंकि 5,933 एनजीओ ने कामकाज बंद कर दिया। जिन संगठनों का एफसीआरए रजिस्ट्रेशन समाप्त हो गया है, उनमें मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई), इमैनुएल हॉस्पिटल एसोसिएशन, जो पूरे भारत में एक दर्जन से अधिक अस्पताल चलाता है, ट्यूबरकोलोसिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया, विश्व धर्मायतन, महर्षि आयुर्वेद प्रतिष्ठान, नेशनल फेडरेशन ऑफ फिशरमेन को-ऑपरेटिव्स लिमिटेड शामिल हैं।

## 2022 में सरकार बनने पर देंगे 300 यूनिट फ्री बिजली : अखिलेश



**नई दिल्ली।** सपा मुख्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नववर्ष पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान अखिलेश यादव ने सभी को नए साल की बधाई दी। इस दौरान अखिलेश यादव ने सरकार बनने पर घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट फ्री देने का ऐलान किया। इसके साथ ही सिंचाई पूरी फ्री होगी। यह सब घोषणा पत्र में शामिल होगा। अखिलेश ने बीजेपी पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2021 को खराब साल बना दिया। बीजेपी जब पिछड़ने लगी तो अब छापे डलवा रही है। उन्होंने कहा कि जिस पर पहले छापा पड़ा था और रकम निकलने लगी तो उसे सपा का बताया गया। इन्हें छापा तो सपा के लोगो पर मारना था लेकिन खुद अपने लोगो पर छापा मार दिया। वह उन्हीं का आदमी निकला। भाजपा खीज निकालने के लिये अब सपा व्यापारी के यहां छापा मारा। इससे पहले सामाजिक परिवर्तन रथयात्रा लेकर निकले प्रगतिशील समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव ने भी सहसों के भोपतपुर स्थित बाग में आयोजित जनसभा में ऐलान किया था कि हमारी सरकार बनने हर परिवार से एक व्यक्ति को नौकरी और 300 यूनिट फ्री में बिजली और उच्च शिक्षा प्राप्त बेरोजगारों को स्वरोजगार के लिए पांच लाख रुपये का पैकेज दिया जाएगा।

# अखिलेश जब बिजली ही नहीं देते थे तो मुफ्त में क्या देंगे: योगी

## -अखिलेश ने सरकार बनने पर 300 यूनिट मुफ्त बिजली का ऐलान किया था



**लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश में राजनीतिक घमासान बढ़ता जा रहा है। सभी पार्टियां जनता को लुभाने की लगातार कोशिश कर रही हैं। इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सपा सरकार बनने की स्थिति में 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का ऐलान कर दिया। इस पर रामपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि सपा के बबुआ कह रहे हैं कि मुफ्त में बिजली देंगे। उनसे पूछा जाना चाहिए कि जब सरकार में थे तो बिजली ही नहीं देते थे तो मुफ्त में क्या देंगे। रामपुर का चाकू जो कभी रक्षा के काम आता था। समाजवादी पार्टी की सरकार में दलितों की ज़मीनों पर गरीबों की संपत्तियों पर कब्ज़ा करने का वह माध्यम बन गया था। योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान लोगों को भारी-भरकम बिल थमा दिया जाता था। लेकिन हमारी सरकार ने हर व्यक्ति का अधिकार उसको दिया है। उन्होंने कहा कि हमने बिजली को लेकर काफी काम किया है और हम हर घर बिजली पहुंचाने को लेकर प्रतिबद्ध है। सपा पर हमला करते हुए योगी ने कहा कि पहले सरकारी नौकरियां निकलती थी तो चाचा-भतीजे का गैंग वसूली करने निकल जाता था और भर्तियां रुक जाती थी। लेकिन हमारी सरकार ने 4 लाख सरकारी नौकरियां दी है। योगी ने रामपुरी चाकू का जिक्र करते हुए कहा कि अगर अच्छे लोगों के पास शस्त्र होगा तो देश और धर्म की रक्षा के लिए उसका उपयोग करेगा अगर ग़लत लोगों के हाथों में होगा तो लूट खसोट, ग़रीबों की और दलितों की संपत्तियों पर कब्ज़ा करने में उसका दुरुपयोग करेगा। रामपुर का चाकू जो कभी रक्षा के काम आता था। समाजवादी पार्टी की सरकार में दलितों की ज़मीनों पर गरीबों की संपत्तियों पर कब्ज़ा करने का वह माध्यम बन गया था। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पहले हर तीसरे दिन एक दंगा होता था। आज किसी भी दंगाई की हिम्मत नहीं है कि उत्तर प्रदेश में ऐसा कुछ कर सके।

CMYK

## सार समाचार

### हरियाणा: भिवानी भूस्खलन में 4 लोगों की मौत, कई अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका

भिवानी (हरियाणा)। हरियाणा में भिवानी जिले के डाडम में खनन के दौरान पहाड़ का बड़ा हिस्सा ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें हिसार के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुछ और भी लोगों के मलबे में दबे होने की आंशका है। मलबे में चार खनन मशीन समेत कई अन्य वाहन भी दब गए हैं। अधिकारी ने बताया कि तोशाम पुलिस थाने के अंतर्गत डाडम गांव में सुबह करीब आठ बजे खनन कार्य के दौरान पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा अचानक से ढह गया, जिसकी वजह से वहां खड़ी करीब आधा दर्जन पोपलैंड मशीनें व डंफर दब गए। उन्होंने बताया कि प्रशासन मलबे से लोगों को निकालने के लिए राहत और बचाव कार्य कर रहा है। तहसीलदार रविंद्र कुमार ने बताया, 'मलबे से तीन शव निकाले जा चुके हैं, मृतक छत्तीसगढ़ और राजस्थान के मजूदर हैं। पुलिस प्रशासन ने पहाड़ दरकने वाले स्थान पर लोगों के जाने पर पाबंदी लगा दी है।' घटना की सूचना मिलने के बाद कृषि मंत्री जेपी दलाल भी घटनास्थल पर पहुंचे और मौके का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को राहत कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतने के आदेश दिए। भिवानी से लोकसभा सदस्य धर्मबीर सिंह भी मौके पर पहुंच गए हैं। उपायुक्त आरएस ढिल्लो और पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत सीटीएम हरबीर सिंह भी मौके पर मौजूद हैं। प्रत्यक्षदर्शी व पिंजोखरा गांव निवासी चालक सतपाल ने बताया कि संभलने का मौका ही नहीं मिला, अचानक घटना हुई और चारो तरफ धूल का गुब्बार उठा जिससे कुछ नजर नहीं आ रहा था। उन्होंने बताया कि धमाके के साथ गिरे पत्थर से उसका डंपर भी करीब 20 फीट आगे खिसक गया। सतपाल ने कहा कि उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि वह जिंदा हैं। घटनास्थल पर मौजूद खानक निवासी जसवंत ने बताया, 'खनन स्थल पर शनिवार सुबह चार पोपलैंड मशीनें और चार डंपर मौजूद थे, मैं भी वहीं अपने डंपर में था। करीब साढ़े नौ बजे अचानक धूल का गुब्बार उठा और जोरदार धमाके के साथ पहाड़ से बड़े-बड़े पत्थर आकर गिरने लगे, यह करीब दो मिनट चला। लगा जैसे कि अब कुछ नहीं बचेगा।' हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इस घटना को लेकर जिला प्रशासन के निरंतर संपर्क में है। उन्होंने ट्वीट किया, 'भिवानी के डाडमखनन क्षेत्र में भूस्खलन की घटना से दुखी हूं। मैं लगातार स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हूं, ताकि तेजी से बचाव अभियान सुनिश्चित किया जा सके और घायलों की तत्काल सहायता की जा सके।' उल्लेखनीय है कि तोशाम क्षेत्र के डाडम में पत्थर का खनन होता है और करीब दो महीने की रोक के बाद बृहस्पतिवार को ही राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने दोबारा खनन की मंजूरी दी थी और शुक्रवार को खनन का कार्य शुरू हुआ था।

### स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया ने किया हमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का जायजा, अधिकारियों से भी की बात

अहमदाबाद। कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के बढ़ते मामलों के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने गुजरात के अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आरटी-पीसीआर जांच केंद्र का जायजा लिया और यात्रियों और अधिकारियों से बातचीत की। भारत ने 'जोखिम' वाले देशों से हवाई अड्डों पर आने वाले यात्रियों के लिए जांच सहित अतिरिक्त उपाय अनिवार्य कर दिए हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्रियों के लिए विभिन्न सुविधाएं भी शुरू की गई हैं। हवाई अड्डे के अधिकारियों के अनुसार, प्रतीक्षा क्षेत्र में 220 यात्रियों के रूकने, 17 पंजीकरण काउंटर, 120 आरटी-पीसीआर मशीन सहित नमूने लेने के लिए आठ बूथ की सुविधा शुरू की गई है। ट्विटर पर साझा किए गए एक वीडियो क्लिप में मांडविया प्रतीक्षारत यात्रियों और हवाई अड्डे के अधिकारियों के साथ बातचीत करते नजर आए। केंद्रीय मंत्री ने शुक्रवार रात ट्वीट किया, 'गुजरात प्रवास के दौरान मैंने अहमदाबाद के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आरटी-पीसीआर जांच केंद्र का जायजा लिया व यात्रियों से बातचीत की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 'जोखिम वाले' देशों में ब्रिटेन के साथ यूरोप के देश और दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, बोत्सवाना, जिम्बाब्वे, तंजानिया, हांगकांग, चीन, घाना, मॉरीशस, न्यूजीलैंड और इजराइल शामिल हैं। गुजरात में शुक्रवार तक ओमीक्रोन के मामलों की संख्या 113 थी।

### महाराष्ट्र में अब तक 10 मंत्री और 20 से ज्यादा विधायकों को हुआ कोरोना, अजित पवार ने दिए सख्त पाबंदियां लगाने के संकेत

मुंबई। भारत समेत दुनिया के तकरीबन हर एक देश में कोरोना वायरस ने कोहराम मचाया हुआ है। इसी बीच महाराष्ट्र में कोरोना के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बताया कि महाराष्ट्र में अबतक 10 मंत्रियों और 20 से ज्यादा विधायकों कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। इतना ही नहीं उन्होंने तो और भी ज्यादा पांबिदयां लगाने के संकेत दिए हैं। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि अगर राज्य में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ती रही तो सरकार को और भी पाबंदियां लगानी पड़ सकती है। उपमुख्यमंत्री ने पाबंदियां लगाए जाने से जुड़े सवाल पर कहा कि राज्य सरकार मरीजों की बढ़ती संख्या पर नजर रख रही है।यदि मरीजों की संख्या बढ़ती रही तो सख्त पाबंदियां लागू की जाएंगी। सख्त पाबंदियों से बचने के लिए हर व्यक्ति को नियमों का पालन करना चाहिए।

**कोरोना के 8,067 नए मामले दर्ज**

महाराष्ट्र में शुक्रवार को कोरोना संक्रमण के 8,067 नए मामले दर्ज किए गए, जो एक दिन पहले के मुकाबले में 50 प्रतिशत अधिक हैं। वहीं, पिछले 24 घंटे में 8 लोगों ने दम तोड़ा है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि नए मामले में 4 ओमीक्रोन से संक्रमित मरीज भी शामिल हैं।

### नये साल के पहले दिन हिमाचल प्रदेश के मंदिरों व शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं का तांताा

ज्वालामुखी । नये साल के पहले दिन आज हिमाचल प्रदेश के मंदिरों व शक्तिपीठों में भारी तादाद में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। नये साल के पहले दिन हजारों श्रद्धालुओं ने परिवार सहित मां की दर्शन किये तथा मां की महिमा का गुणगान किया। कांगड़ा जिला के प्रमुख मंदिरों कांगड़ा, ज्वालामुखी व चामुंडा नदिंकेशवर धाम और बगलामुखी मंदिर में पड़ोसी प्रदेशों से आये हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पूजा अर्चना की। इसी तरह चिंतपुर्णी मंदिर में भी अपार भीड़ उमड़ी है। जिससे महौल भक्तिमय बना हुआ है। बड़ी तादाद श्रद्धालु आज बडे सवेरे से ही नये साल का आगाज करने के लिये परिवार सहित मंदिरों में जुटने शुरू हो गये थे। आज मंदिरों में देश के कोने कोने से मां के भक्तों ने पहुंच कर मां की विधिपूर्वक आराधना की तथा मनचाहे मनोरथ हासिल किये । आज मां के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने हवन पूजन का भी आयोजन किया । इसके अलावा कई दानी सज्जनों ने मां के दरबार में अटूट भंडारा का भी आयोजन किया तथा मां के दरबार में भजन कीर्तन व मां का गुणगान किया। मन्दिरों में आज सुबह रौनक रही मां के जयकारे दिन भर मन्दिर मार्ग में सुनाई देते रहे ।

# फिलीपींस को भारत बेचेगा ब्रह्मोस मिसाइलें, साउथ चाइना सी में चीन को घेरने की तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)**




हिन्दुस्तान के हथियारों की ताकत की धमक अब दुनियाभर में सुनाई दे रही है। जिसमें सबसे पहला नाम सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस का है। ये भारत की ऐसी मिसाइल है जिसकी काट दुनिया के किसी भी देश के पास नहीं है। अब इसी हथियार से ड्रैगन के शिकार की तैयारी हो रही है। हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार भारत जल्द ही फिलीपींस को सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल निर्यात करने का ऑर्डर पा सकता है। देश के लिए रक्षा निर्यात की दिशा में ये बड़ा कदम साबित हो सकता है। एचटी की रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने बताया कि ब्रह्मोस सौदे पर बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है और दोनों पक्ष अगले कुछ हफ्तों में करार को औपचारिक रूप देने के लिए तैयार हैं।

फिलीपींस नौसेना ने अधिग्रहण प्रक्रिया के तहत इस महीने की शुरूआत में हैदराबाद में ब्रह्मोस एयरोस्पेस की उत्पादन इकाई का दौरा किया था। हैदराबाद का ब्रह्मोस इंटीग्रेशन कॉम्पलेक्स मैकेनिकल सिस्टम एकीकरण और इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम को असेंबल करने के लिए जिम्मेदार है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत-रूस संयुक्त उद्यम है और यह सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का उत्पादन करता है जिन्हें पनडुब्बियों, पोतों, विमानों या जमीन से प्रक्षेपित किया जा सकता है। यह मिसाइल ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना की गति से उड़ान भरती है। यह संस्करण लगभग 290 किलोमीटर दूरी तक मार सकता है। पिछले कुछ दिनों में फिलीपीन ने अपने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए कई रक्षा सौदे किए हैं।

**साउथ चाइना सी में ड्रैगन की मनमानी का मिलेगा जवाब**

हर मोर्चे पर चीन के होश उड़ाने के लिए ब्रह्मोस तैयार हो रही है। दुनिया के सबसे ताकतवर सुपरसोनिक मिसाइल की ताकत कुछ ऐसी है कि चीन जैसा देश भी इसका सामना करने से कतराता है। लेकिन अब ब्रह्मोस की यही ताकत चीन के दुश्मनों के पास होगी और इसी हथियार से ड्रैगन का शिकार होगा। फिलीपींस को भी पता है कि भारत का ब्रह्मोस अगर उसकी सेना में शामिल हो जाता है तो वो चीन की मनमानियों का मुंहतोड़ जवाब दे सकता है। हालिया दिनों में दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों ने चीन की साउथ चाइना सी में बढ़ती दादागिरी के मद्देनजर उसे जवाब देने की ठानी है। फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, ब्रूनेई और इंडोनेशिया ने मिलकर एक गठबंधन भी बनाने की बात कही है। ये गठबंधन साउथ चाइना सी में आक्रमक चीन को जवाब देने के लिए है।

### शिमला को बम से उडाने की धमकी का पता चलते ही पुलिस ने की नाकाबंदी

शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान को बम से उडाने की साजिश का पता चलते ही पुलिस प्रशासन सर्तक हो गया है। शिमला की नाकाबंदी कर दी गई है। इसी धमकी की वजह से रात को पुलिस ने रिज मैदान को खाली करवा धारा 144 लागू की है। प्रशासन की इस कसरत की वजह से शिमला में दहशत का महौल है। दरअसल, शिमला में नए साल के जश्न की तैयारी के बीच उस समय खलल पड गया पाकिस्तान समर्थित कुछ दहशत गर्दों की ओर से बम धमाके के खतरे के चलते रिज मैदान खाली करवाया गया रिज मैदान। यहां भारी पुलिस बल के साथ बम स्क्वाड और डॉग स्क्वाड तैनात हैं। राजधानी शिमला में नए साल का जश्न मनाने के लिए पर्यटकों की भीड़ जुटी हुई थी। अचानक साढ़े 7 बजे शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर पुलिस ने मैदान को खाली करवाना शुरू कर दिया। पहले तो पुलिस व प्रशासन ने कुछ नही बताया लेकिन 10 बजे तक एक धमकी भरा खत मिला जिसमें पाकिस्तान की तरफ से रिज मैदान को उड़ाने की धमकी दी गई थी। इस बारे में शिमला के एसपी की ओर से सूचना अपने अधिकारियों को दो गई। उसके बाद पुलिस हरकत में आई। उन्होंने सभी होटलों, गैस्ट हाउस व धार्मिक प्रतिश्ठान की जांच के आदेश दिये है। बताया जा रहा है कि धमकी देने वाले शख्स की अभी पहचान नहीं हुई है। लेकिन इस बारे में जांच जारी है। पूरे शिमला शहर की नाकाबंदी कर दी गई है।

# मां भोना देवी के स्मृति में हियुवा नेता ने जरूरतमंदों में किया कंबल वितरण



**बड़हलगंज, गोरखपुर ।** हिन्दू युवा वाहिनी के निवर्तमान प्रदेश महामंत्री व प्रवक्ता राम लक्ष्मण ने अपनी मां भोना देवी के पुण्य स्मृति में विकास खण्ड के ग्राम गढ़वारामपुर में शनिवार को कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया । इस अवसर पर 350 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किया गया । ठंड में गर्म अंगवस्त्र पाकर लोगों के हृदय से निकलने वाले आशीर्वाद उनके चेहरे के माध्यम से भी स्पष्ट दृष्टिगोचर हो रहे थे।

आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री रामलक्ष्मण ने कहा कि नर सेवा ही असल में नारायण सेवा है । जरूरतमंदों की मदद करना सबसे पुनीत कार्य है । मां भोना देवी गरीबों व निराश्रितों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया करती थीं । पूर्वजों के आशीर्वाद से ही लगभग दो दशक से लोक कल्याण के लिए सदैव समर्पित हूं । आगे उन्होंने कहा कि योगी सरकार द्वारा भी गरीबों को कडाके की ठंड से बचाने के लिये कंबल वितरण का कार्यक्रम चलाया है। जिसके तहत जनपद में राजस्व विभाग और आपदा राहत कोष से कंबल वितरण का कार्य कराया जा रहा है। सरकार की मंशा है कि जाडे के कारण किसी भी गरीब के स्वास्थ्य तथा जान पर खतरा न आने पाये।

सरकार और प्रशासन की भी एक सीमा होती है। जब तक उन कार्यक्रमों में आम जनता और समाज का एक बडा हिस्सा सहयोगी नहीं होगा तब तक गरीबों तक मदद पंहुचाना संभव नहीं हो पायेगा। इसलिये आप सभी अपने अगल-बगल के गरीबों और निराश्रितों की मदद के लिये तहसील मुख्यालय से संपर्क करके उन्हें सरकारी योजना के तहत या स्वंय के खर्चे से भी उन तक गरम कपडे और कंबल पंहुचा सकते हैं। इस दौरान रेंगई प्रसाद, जितेन्द्र भारत, ठाकुर निषाद, सत्यनारायण मिश्रा, संतोष निषाद, राजेश शर्मा, राजेश कुमार शुक्ला, साहब पासवान, अभय सोनकर, रवि प्रकाश गुड्डु, छेदी प्रसाद, राजू , योगेश्वर, दीपक सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहें।

### सिद्धू के साथ जारी रार के बीच बोले सीएम चन्नी, जहां भी जाएंगे मैं आपका अनुसरण करता रहूंगा

**चंडीगढ़। (एजेंसी)**

पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू के साथ जारी खींचतान के बीच मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने नरम रुख अपनाया है। उन्होंने नवजोत सिंह सिद्धू के साथ संबंधों से जुड़े सवाल पर कहा कि आप जहां भी जाएंगे मैं आपका अनुसरण करता रहूंगा। मैं उनके साथ काम करना जारी रखूंगा। मैं पार्टी के लिए हर कुबार्नी देने के लिए तैयार रहता हूं। समाचार एजेंसी एएनआई ने मुख्यमंत्री चन्नी का वीडियो साझा किया है, जिसमें उन्होंने पंजाबी में इसका संबंधों से जुड़े सवाल पर बयान दिया। दरअसल, 'गीली पैंट' वाले बयान को लेकर दोनों नेताओं के बीच रार चल रही थी।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को पुलिसकर्मियों से कहा था कि वे इस बात की चिंता न करें कि कौन क्या बोल रहा है और अपराधियों की पतलून उन्हें देखकर गीली हो जाती है। मुख्यमंत्री चन्नी के इस बयान को नवजोत सिंह सिद्धू पर तंज माना जा रहा है। क्योंकि सिद्धू ने हाल में पार्टी के दो नेताओं की प्रशंसा करते हुए कहा था कि वे पुलिसकर्मियों तक की पैंट गीली कर देते हैं। हालांकि, सिद्धू ने बाद में अपने बयान को लेकर सफाई भी दी थी। उन्होंने कहा था कि उनका अभिप्राय कांग्रेस नेताओं के प्राधिकार को लेकर था।

### आखिर लालू यादव ने छोटी बहू रशेल को मुंह दिखाई में क्या दिया? नए साल पर कर दिया खुलासा



**लखनऊ। (एजेंसी)**

हाल में ही बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के छोटे बेटे तेजस्वी यादव ने दिल्ली की रहने वाली रशेल से शादी कर ली थी। इस शादी में लालू यादव, राबड़ी देवी सहित परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक लालू यादव ने अपनी छोटी बहू रशेल को नया नाम राजश्री यादव दिया है। हालांकि हाल में ही लालू से पूछा गया कि आपने अपनी छोटी बहू को मुंह दिखाई में क्या दिया? इसके जवाब में लालू यादव ने कहा कि मैंने तो अपनी बहू को अपना होनहार लड़का दे दिया है। इसके साथ ही लालू ने यह भी कहा कि वाह तेजस्वी की शादी को लेकर गर्व महसूस कर रहे हैं। लालू ने कहा कि जब लड़का-लड़की तैयार थे तो सभी को आशीर्वाद देना ही था। उन्होंने शादी में शामिल होने को लेकर भी अपनी प्रसन्नता जताई। इसके साथ ही लालू यादव ने लोगों को नए साल पर शुभकामनाएं भी दी है। हालांकि लालू यादव ने नीतीश कुमार पर भी तंज कसा। नीतीश के समाज सुधार यात्रा पर उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति खुद सुधर जाएगा तो समाज भी सुधर जाएगा। आपको बता दें कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव की पत्नी का नाम रशेल आइरिस है, जिन्हें बोलने में आसानी के लिहाज से खुद लालू प्रसाद ने राजश्री नाम दिया है।

### पुलवामा हमले का एकमात्र जिंदा बचा आतंकी भी मारा गया ! साल के पहले दिन क्यों नजरबंद किये गये उमर और महबूबा ?

**जम्मू (एजेंसी)**

जम्मू-कश्मीर पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है क्योंकि माना जा रहा है कि 2019 के पुलवामा हमले में शामिल एकमात्र बचा हुआ आतंकवादी मुठभेड़ में मारा गया है। हालांकि अभी इस आतंकवादी की डीएनए जांच कराई जायेगी। इस बारे में कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने कहा है कि अनंतनाग मुठभेड़ में मारे गए तीन आतंकवादियों में से एक की डीएनए जांच कराई जाएगी क्योंकि उसकी तस्वीर 2019 के पुलवामा आत्मघाती हमले में शामिल अंतिम जीवित बचे आतंकवादी की तस्वीर से मिलती-जुलती है। उल्लेखनीय है कि पुलवामा आतंकवादी हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गए थे। आईजीपी विजय कुमार ने कहा कि मारे गए आतंकवादी की तस्वीर जैश-ए-मोहम्मद के शीर्ष कमांडर समीर डार से मेल खाती है। पुलिस महानिरीक्षक ने ट्विटर पर कहा, 'अनंतनाग मुठभेड़ में 30 दिसंबर को मारे गए आतंकवादियों में से एक की तस्वीर जैश-ए-मोहम्मद के शीर्ष कमांडर समीर डार से मेल खाती है जो लेथपुरा, पुलवामा आतंकवादी हमले में शामिल अंतिम जीवित आतंकवादी था। डीएनए जांच कराई जाएगी।' उल्लेखनीय है कि पुलिस ने कहा था कि बृहस्पतिवार को दक्षिण कश्मीर जिले के नौगाम दूरू इलाके में हुई मुठभेड़ में जैश के तीन आतंकवादी मारे गए और मुठभेड़ स्थल से उनके शव बरामद कर लिए गए। उस समय पुलिस ने मारे गए आतंकवादियों की पहचान सुल्तान उर्फ रईस उर्फ माविया (एक विदेशी आतंकवादी), दुदवांगन कापरान निवासी निसार अहमद खांडे और नाथीपुरा दूरू निवासी अल्ताफ अहमद शाह के रूप में की थी। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि अल्ताफ अहमद शाह और सुल्तान एक अन्य आतंकवादी सुहैल राठर के साथ जेवान, श्रीनगर में एक हमले में शामिल थे जिसमें तीन पुलिसकर्मी मारे गए थे और 11 अन्य घायल हो गए थे। सुहैल राठर शनिवार को पंटाह चौक पर एक अलग मुठभेड़ में मारा गया।

**कई नेता नजरबंद**

दूसरी ओर, जम्मू-कश्मीर में परिसीमन आयोग की सिफारिशों के खिलाफ गुपकर घोषणापत्र गठबंधन (पीएजीडी) द्वारा मार्च निकाले जाने से पहले तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों सहित कई नेताओं को नजरबंद कर दिया गया जिसके विरोध में इन पार्टियों के कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के पुत्र एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने ट्विटर पर कहा, 'सुप्रभात और 2022 का स्वागत। उसी जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ एक नए साल की शुरूआत जो अवैध रूप से लोगों को उनके घरों में बंद कर रही है और प्रशासन सामान्य लोकतांत्रिक गतिविधि से इतना डरा हुआ है।' मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता एवं गठबंधन के प्रवक्ता एमवाई तारिगामी ने कहा कि यह दुखद है कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन 'इतना डरा हुआ है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति नहीं दे पा रहा है।' पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती को भी नजरबंद किया गया है। उन्होंने कहा, 'मेरे घर के बाहर भी एक ट्रक खड़ा है।' हम आपको बता दें कि गुपकार गठबंधन ने जम्मू संभाग में विधानसभा की छह और कश्मीर में एक सीट बढ़ाने के परिसीमन आयोग के प्रस्ताव के खिलाफ शनिवार को श्रीनगर में प्रदर्शन करने की बात कही थी। जिसके बाद इन नेताओं को नजरबंद किया गया है।

**लोगों के बीच हर्ष का माहौल**

उधर, तीन पूर्व मुख्यमंत्री भले निराशा जता रहे हों लेकिन कश्मीर की जनता बड़ी आशावान दिख रही है। कश्मीरियों ने नये साल का खुशी खुशी स्वागत किया और प्रभासाक्षी संवाददाता से बातचीत में उम्मीद जताई कि यह साल सबके लिए खुशियां लेकर आयेगा और कोरोना महामारी से मुक्ति दिलायेगा।

# चुनाव से पहले अखिलेश का बड़ा ऐलान, यूपी में बनी सपा की सरकार तो 300 यूनिट फ्री मिलेगी बिजली

**लखनऊ। (एजेंसी)**

उत्तर प्रदेश में विधानसभा के चुनाव होने है। ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर से जनता को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए बड़ा ऐलान किया है। अपने ऐलान में अखिलेश यादव ने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनी तो उपभोक्ताओं को 300 यूनिट मुफ्त में बिजली मिलेगी। इसके साथ ही अखिलेश यादव ने एक और बड़ा ऐलान किया है। किसानों को अपने पाले में करने के लिए अखिलेश ने कहा है कि सपा सरकार बनने पर पूरी सिंचाई मुफ्त में होगी। आपको बता दें कि फ्री बिजली की पॉलिटिक्स दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल खूब करते हैं। लेकिन इस बार अखिलेश यादव ने उनके फामूर्ले को उत्तर प्रदेश में जनता को लुभाने के लिए लपक लिया है।

इसके साथ ही समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुकाबला नहीं कर पाने की वजह से भाजपा अब उनके कार्यकताओं को झूठे मुकदमों में फंसाने लगी है। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है तब से सबसे ज्यादा समाजवादी पार्टी के लोगों पर मुकदमा किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष को परेशान एवं अपमानित करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों को भेजा जा रहा है।

हाल में इत्र व्यापारियों पर हुई छापेमारी को लेकर अखिलेश यादव ने बड़ा बयान दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि एक छापा ऐसा पड़ा कि देश के लोग नोटों की गड्डीयां देख रहे थे। हमने देखा कि कहीं इससे (कानपुर का इत्र व्यापारी) हमारा संबंध तो नहीं। पक्का हुए तब कहा कि यह डिजीटल इंडिया की गड़बड़ी है। इनको (BJP) छापा समाजवादियों के यहां मारना था और छापा मारा अपने लोगों पर उन्होंने कहा कि पीयूष जैन पर छापा पड़ा और जब सच्चाई सामने आई तो भारतीय जनता पार्टी खुद बदनाम हो गई।



### विदेश यात्रा कर छिंदवाड़ा पहुचीं युवती में ओमिक्रोन के लक्षण मिले, जिला अस्पताल में करवाया भर्ती

**भोपाल। (एजेंसी)**

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रोन ने दस्तक दे दी है। शहर के त्रिमूर्ति अपार्टमेंट में रहने वाली 22 वर्षीय युवती की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। जिसमें ओमिक्रोन वैरियंट के लक्षण पाए गए है। जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आपको बता दें कि 22 वर्षीय युवती 26 दिसंबर को नीदरलैंड से भारत लौटी थी। जिसकी दिल्ली एयरपोर्ट पर जांच की गई थी। दिल्ली से 27 दिसम्बर को युवती छिंदवाड़ा पहुंची थी। जिसे प्रशासन ने सरकार की गाइडलाइन के तहत होम आइसोलेशन में रखा था। 30 दिसंबर को दिल्ली एयरपोर्ट पर की गई जांच के बाद युवती में कोरोना के ओमिक्रोन वेरियंट के लक्षण मिले। जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी थी। वहीं सूचना मिलने के बाद प्रशासन हरकत में आया और युवती को तत्काल जिला चिकित्सालय में एडमिट कराया। प्रशासन के मुताबिक युवती स्वस्थ है। उसके संपर्क में आए सभी सदस्यों को होम क्वॉरेंटाइन किया गया है। प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक नीदरलैंड से लौटी युवती ने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया था।

## आर्थिक गलियारा: पाक-चीन में ग्वादर बंदरगाह की पूरी क्षमता का दोहन पर सहमति , बैठक में हुआ फैसला


**बीजिंग:** पाकिस्तान और चीन बलोचिस्तान प्रांत में रणनीतिक ग्वादर बंदरगाह की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने पर सहमत हुए हैं। यहां चीन-पाक आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) के तहत 60 अरब



डॉलर की एक परियोजना चल रही है जो चीन के शिनजियांग प्रांत को अरब सागर में ग्वादर बंदरगाह से जोड़ती है। सीपीईसी प्राधिकरण के मुताबिक, वीडियो लिंक द्वारा पाक और चीनी अफसरों ने एक बैठक में बंदरगाह के पूरी क्षमता से इस्तेमाल का फैसला लिया। दोनों पक्षों ने इस मुक्त क्षेत्र की का दोगुनी क्षमता से दोहन करने का संकल्प लिया। इसके तहत ग्वादर और आसपास के क्षेत्रों की स्थानीय आबादी विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर मौकों का लाभ उठा सकेगी। इस दौरान दोनों देशों के अधिकारियों ने ग्वादर शहर, बंदरगाह और मुक्ति क्षेत्र के विकास के संबंध में भविष्य की कार्रवाई पर भी विचार-विमर्श किया। बैठक में ग्वादर मुक्त क्षेत्र फेज-1 परियोजना के पूरा होने व 2,221 एकड़ में फेज-2 पर काम शुरू करने पर चर्चा हुई।

## दक्षिण कोरिया : 2026 तक कृत्रिम सूर्य बनाएगा, हासिल करना होगा 300 सेकंड का लक्ष्य

**सियोल:** दक्षिण कोरिया सरकार 2026 तक कोरिया का पहला कृत्रिम सूर्य 'केस्टार' बनाने के लिए तकनीकी विकसित करने की योजना बना रही है। यह सूर्य 300 सेकंड में 10 करोड़ डिग्री तक



तापमान बनाए रख सकता है। 300 सेकंड परमाणु संलयन प्रौद्योगिकी के व्यावसायीकरण के लिए आवश्यक न्यूनतम समय है।

देश के विज्ञान और आईसीटी मंत्रालय ने घोषणा की कि उसने कोरिया इंस्टीट्यूट ऑफ फ्यूजन एनर्जी में 16वीं राष्ट्रीय संलयन समिति का आयोजन कर परमाणु संलयन ऊर्जा विकास की चौथी बुनियादी योजना (2022-2026) को अंतिम रूप दिया है।


विज्ञान मंत्रालय हर 5 साल में परमाणु संलयन ऊर्जा विकास के लिए अपनी नीतियों के लक्ष्य और निर्देश निर्धारित करता है। योजना के अनुसार, यह कृत्रिम सूर्य प्रयोगों के क्षेत्र में परिचालन प्रौद्योगिकी में सुधार करना जारी रखेगा। सरकार 'केस्टार' के साथ पृथ्वी पर इस सिद्धांत को कृत्रिम रूप से लागू करके बिजली जैसी बिजली का उत्पादन करने का लक्ष्य बना रही है।

कोरियाई शोध दल ने पहली बार 2018 में 'केस्टार' को 1.5 सेकंड के लिए 10 करोड़ डिग्री पर बनाए रखने में सफलता पाई थी। 'केस्टार' पिछले साल 20 व इस साल 30 सेकंड के लिए यह क्षमता बनाए रखने में सफल रहा।

## संबोधन में शी जिनपिंग ने छेड़ा ताइवान का राग, तिब्बत में नई चालबाजी दिखा रहा चीन

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने नए साल के संबोधन में ताइवान के एकीकरण को नई आकांक्षा के रूप में हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। शी ने नए साल की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि हमारी मातृभूमि का पूर्ण एकीकरण ताइवान स्ट्रेट की साझा आकांक्षा है। शी जिनपिंग के ताइवान संदर्भ को इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि अमेरिका, यूरोपीय संघ और अन्य पश्चिमी देशों का ताइपे को समर्थन है।

# नए साल का जश्न:पाबंदियों के बीच दुनिया ने मनाया नया साल, अमेरिका और फ्रांस में भी लोग बाहर निकले








**वाशिंगटन।** 2021 गुजर गया। अब कैलेंडर पर नया साल नजर आएगा। बहरहाल, दुनिया को कोरोना महामारी से निजात नहीं मिली। 2021 जाते-जाते ओमिक्रॉन वैरिएंट का दर्द और दे गया। लेकिन, मायूसी, पाबंदियों और महामारी के बीच भी दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में लोगों ने नए साल को गले लगाया, उसका स्वागत किया। इस उम्मीद से कि 2022 गुजरते साल से बेहतर होगा। महामारी खत्म होगी और हम फिर मुस्कराएंगे। गरीब देशों के लोगों को भी वैक्सीन मिलेगी और वो भी दुनिया के साथ कदमताल कर सकेंगे।

# चीन ने 1990 के बाद पहली बार निकारागुआ में खोला दूतावास

**मनागुआ।** चीन ने वर्ष 1990 के बाद से पहली बार निकारागुआ में दूतावास खोला है। चीन ने यह कदम निकारागुआ के राष्ट्रपति डेनियल ओर्टेगा की सरकार के ताइवान से संबंध समाप्त करने के बाद उठाया है। विदेश मंत्री डेनिस मोनकाडा ने कहा कि दोनों देशों के बीच एक प्रकार की '' वैचारिक आत्मीयता' है। मोनकाडा ने कोरोना वायरस संक्रमण रोधी टीके सिनोफार्म की दस लाख खुराक देने के लिए चीन का आभार भी व्यक्त किया। दरअसल ओर्टेगा की सरकार ने चीन के साथ 1985 में संबंध स्थापित किए थे, लेकिन 1990 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हार



जाने के बाद देश के नए राष्ट्रपति विलेटा कामारो की सरकार ने ताइवान को मान्यता दे दी।

निकारागुआ की सरकार ने ताइवान के साथ नौ दिसंबर को संबंध समाप्त कर लिए थे और पिछले सप्ताह उसने ताइवान के दूतावास कार्यालय बंद कर दिए तथा कहा कि वे चीन के हैं। हालांकि चीन का नया दूतावास किसी और स्थान पर है तथा फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि वह ताइवान की इमारत का क्या करेगा।

ताइवान के राजनयिकों ने एक सप्ताह पहले प्रस्थान करने से पहले यह संपत्ति मनागुआ के रोमन कैथोलिक आर्चडीओसीज को दान करने का प्रयास किया था, लेकिन ओर्टेगा की सरकार ने कहा कि इस तरह का कोई भी दान अवैध होगा।

ताइवान के विदेश मंत्रालय ने ''ओर्टेगा शासन की गंभीर अवैध कार्रवाइयों'+ की निंदा करते हुए कहा कि निकारागुआ सरकार ने ताइवान के राजनयिकों को देश से बाहर जाने के लिए केवल दो सप्ताह का वक्त देकर मानक प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया है।

## सिद्दीकी ने बांग्लादेश के 23वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में ली शपथ

**ढाका:** राष्ट्रपति एम अब्दुल हामिद ने करीब चार बजे बंगभवन में हसन फोएज सिद्दीकी को बांग्लादेश के 23वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। कैबिनेट सचिव खांडाकर अनवारुल इस्लाम ने शपथ



ग्रहण समारोह का संचालन किया। न्यायाधीश सिद्दीकी 22वें मुख्य न्यायाधीश सैयद महमूद हुसैन का स्थान लेंगे। कानून, न्याय और संसदीय मामलों के मंत्रालय के जारी परिपत्र में कहा गया कि राष्ट्रपति एम अब्दुल हामिद ने संविधान के अनुच्छेद संख्या 95(1) के अनुसार हसन फोएज सिद्दीकी को नया मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है।

## कंगाल पाकिस्तान के विदेश मंत्री कुरैशी ने सऊदी राजदूत की ओर दिखाया जूता, जमकर लग रही फटकार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के मंत्री अक्सर अपनी हरकतों के कारण सुर्खियों में रहते हैं। इस बार विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी सऊदी अरब के राजदूत के साथ मुलाकात के दौरान अपमानजनक व्यवहार करने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों के निशाने पर हैं। इस बार पाकिस्तान के विदेश मंत्री कुरैशी की अकड़ किसी दुश्मन मुल्क के साथ नहीं बल्कि उसे भारी कर्ज देने वाले देश सऊदी अरब के साथ देखी गई। इसके बाद यूजर्स जमकर उनके खिलाफ भड़ास निकाल रहे हैं।

न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी अरब के लोगों ने मंगलवार को सऊदी राजदूत के साथ बैठक के दौरान पाकिस्तान के विदेश मंत्री की 'अपमानजनक' तरीके से बैठने पर अपनी नाराजगी जताई है।

सोशल मीडिया में विदेश मंत्री कुरैशी की एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें वह पाकिस्तान में सऊदी राजदूत के सामने अपमानजनक तरीके से अकड़कर बैठे नजर आ रहे हैं। तस्वीर में कुरैशी ने अपना जूता सऊदी राजदूत की ओर किया हुआ है। सऊदी के लोग मंत्री की इस बेहूदगी पर बेहद नाराज हैं। पाकिस्तानियों ने ट्विटर पर इसे



'शर्मिंदगी', 'अपमान' और -गैर-इस्लामी' के रूप में लिया है।

ISESCO के पूर्व निदेशक जनरल अब्दुलअजीज ओथमान अल्टवाइजरी ने शाह महमूद कुरैशी के इस अंदाज को गैर-इस्लामिक बताया है। उन्होंने ट्वीट करके लिखा है, 'सऊदी राजदूत की तरफ विदेश मंत्री का पैर दिखाना पूरी तरह से अस्वीकार्य है, अतिथि का सम्मान करना इस्लाम का शिष्टाचार है'। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा कि हम सभी सऊदी दोस्तों से क्षमा चाहते हैं कि हमारे विदेश मंत्री ने कुछ ऐसा किया जो अस्वीकार्य है'। गौरतलब है कि इसी साल नवंबर में पाकिस्तान को आर्थिक तंगी से उबारने के लिए इमरान खान ने सऊदी अरब से तीन अरब डॉलर कर्ज लिए हैं।

## अब कपड़ों की दुकानों पर पुतलों के सिर कलम करने का आदेश, कहा- इस्लाम में मूर्तियों की पूजा बड़ा गुनाह

**काबुल।** अफगानिस्तान की सत्ता में आने के बाद से तालिबान मनमाने कानून पारित कर रहा है और जबरन अफगानियों से उसका पालन करवा रहा है। अब तालिबानी सैनिक दुकान में लगे पुतलों का सिर कलम कर रहे हैं। इसके पीछे तालिबान का कहना है कि ये पुतले इस्लाम द्वारा बनाए गए नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। पश्चिमी प्रांत हेरात में तालिबान ने दुकानदारों को आदेश दिया है कि वे अपनी दुकान में रखे पुतलों का सिर काटकर अलग कर दें, क्योंकि ये सब मूर्तियां हैं और इस्लाम में मूर्तियों की पूजा करना बड़ा गुनाह है।



हेरात में प्रोपेगेशन ऑफ वर्च्यू एंड प्रीवेंशन ऑफ वाइस के लिए बने मंत्रालय की ओर से यह फरमान इसी सप्ताह जारी किया गया था। शुरुआत में मंत्रालय ने दुकानों से पुतलों को पूरी तरह हटाने का आदेश दिया था, लेकिन दुकानदारों की शिकायत के बाद पुतलों का सिर कलम करने का आदेश दिया गया। दुकानदारों का कहना है कि एक पुतले की कीमत 70 से 100 डॉलर तक है। इन्हें हटाने या सिर काटने से उनको नुकसान झेलना पड़ेगा।

**अधिकारों को कुचल रहा तालिबान**

तालिबान ने सत्ता में आने के बाद कहा था कि वह महिला व हर किसी के अधिकारों के लिए काम करेगा, लेकिन सत्ता में आने के बाद से ही तालिबान ने लोगों के अधिकारों को कुचलना शुरू कर दिया। खासकर महिलाओं के अधिकारों को खत्म कर दिया गया, यहां तक कि उनकी पढ़ाई पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया।

# नववर्ष के साथ पूरे अमेरिका में गर्भपात, पुलिस जवाबदेही, करों पर नए कानून प्रभावी हुए

**वाशिंगटन।** नववर्ष की शुरूआत के साथ अमेरिका के कई राज्यों में कुछ नए कानून लागू हो गए। इसमें प्रमुख रूप से न्यूनतम मजदूरी वृद्धि, पशु संरक्षण, पुलिस जवाबदेही, करों में कटौती और वृद्धि सहित अन्य नए कानून पूरे अमेरिका में प्रभावी हो गए। न्यू हैम्पशायर में गर्भपात पर प्रतिबंध या इलिनायस, ओरेगन और नार्थ कैरोलाइना में पुलिस सुधार उपाय इस समय के सर्वाधिक विवादित कुछ मुद्दों का हल करेंगे।न्यू हैम्पशायर में गर्भधारण करने के 24 हफ्ते बाद गर्भपात पर प्रतिबंध होगा। हालांकि, माता के स्वास्थ्य को देखते हुए इसमें राहत दी जा



सकती है। मेरीलैंड उन कुछ राज्यों में शामिल हो जाएगा, जहां पशुओं पर परीक्षण की गई सामग्री वाले किसी नए सौंदर्य प्रसाधन उत्पाद की बिक्री निषिद्ध है। वेरमोंट में एक नया कानून हाथी, जिराफ, समुद्री कछुआ, विलुप्तप्राय- शार्क, व्हेल आदि जंतुओं के अंगों या उनसे बने उत्पाद के व्यापार को प्रतिबंधित कर देगा।2-कैलीफोर्निया और 20 से अधिक अन्य राज्यों ने भी न्यूनतम मजदूरी बढ़ा दी है।

ओकलाहोमा में शीर्ष आय वाले लोगों से लिए जाने वाले करों को पांच फीसद से घटा कर 4.75 फीसद कर दिया गया है। प्रांत के रिपब्लिकन गवर्नर केविन स्टिट ने कहा कि मैंने ओकलाहोमा को कारोबार के मामले में 10 शीर्ष प्रांतों में शामिल करने का संकल्प लिया है।

# कोरोना से जद्दोजहद के बीच नई बीमारी फ्लोरोना ने दी दस्तक, इजरायल में मिला पहला केस

**तेल अवीव।** पिछले दो सालों से दुनिया कोरोना महामारी से परेशान है। इस बीच नई बीमारी फ्लोरोन ने दस्तक दे दी है। इजरायल में इसका पहला मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार यह कोरोना और इंफ्लूएंजा का डबल इंफेक्शन है। समाचार एजेंसी एएनआइ के अनुसार अरब न्यूज ने इसकी जानकारी दी। अरब न्यूज ने ट्वीट करके कहा कि इजरायल में फ्लोरोना बीमारी का पहला मामला सामने आया है, जो कोरोना और इंफ्लूएंजा का डबल इंफेक्शन है।

बता दें कि कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रोन के कारण अमेरिका, ब्रिटेन, इजरायल समेत दुनिया के कई देशों में कोरोना की नई लहर आ गई है। इसके कारण



तमाम देशों में पाबंदियां लगा दी गई हैं। इस बीच इजरायल में कमजोर इम्युनिटी वाले लोगों को कोरोना वैक्सीन की चौथी डोज देना शुरू कर दिया गया है। टाइम आफ इजरायल ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक नचमन ऐश ने आज ओमिक्रोन वैरिएंट के कारण आई लहर के मद्देनजर कमजोर इम्युनिटी वाले लोगों के लिए बूस्टर डोज की अनुमति दे दी।

वैक्सीन उनको ही लगेगी जिनको तीसरा डोज लिए हुए चार महीने से ज्यादा का वक्त हो गया होगा। ऐश ने शुक्रवार की सुबह वृद्ध रोगियों के लिए टीके को भी मंजूरी दी। इजरायल में कोरोना के मामलों में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के नए आंकड़ों के अनुसार गुरुवार को लगभग 5,000 नए मामलों की पुष्टि हुई। कोरोना की नई लहर के मद्देनजर बढ़ती संक्रमण दर पर अंकुश लगाने के लिए इजरायल में नए साल की पूर्व संध्या समारोह से पहले गुरुवार देर रात और पाबंदियां लगा दी गई हैं। इनमें एक ग्रीन पास शामिल है, जो खुले जगहों पर होने वाले 100 से ज्यादा लोगों के आयोजनों के लिए जारी किया जा रहा है। यह पास पूर्ण टीकाकरण वाले लोगों और हाल ही में कोरोना संक्रमण से ठीक हो चुके लोगों को दिया जा रहा है। वहीं खुले जगहों पर होने वाले 50 से ज्यादा लोगों के आयोजनों में मास्क पहनना अनिवार्य है।

# दूतावास पर कब्जा- निकारगुआ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगा ताइवान

**ताइपे।** चीन के इशारे पर ताइवान दूतावास पर निकारगुआ के कब्जे से बौखलाए ताइवान ने कहा कि वह उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगा। बता दें कि दिसंबर की शुरुआत में दोनों देशों ने अपने राजनयिक संबंध खत्म करने का एलान किया था। निकारगुआ के तानाशाही रवैये की निंदा करते हुए ताइवान के विदेश मंत्रालय ने मध्य अमेरिकी देश की कार्रवाई को गैरकानूनी बताया और मांग की कि उसकी संपत्ति जल्द वापस की जाए।

**राजनयिक संपत्ति की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय कानूनी प्रक्रिया का सहारा**

फोकस ताइवान की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने यह भी कहा है कि वह अपनी राजनयिक संपत्ति की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेगा और



सुनिश्चित करेगा कि इस तरह के गैरकानूनी कार्य के लिए निकारगुआ को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदार ठहराया जाए। खबरों के मुताबिक ताइवान के साथ राजनयिक संबंध खराब होते ही निकारगुआ ने उसके दूतावास से जुड़ी संपत्ति को अपने कब्जे में लेने के बाद उसे देश के कैथोलिक चर्च को सौंप दिया है। सोमवार को मीडिया ला प्रेनसा की रिपोर्ट के अनुसार, निकारगुआ ने कहा है कि ताइपे की संपत्ति चीन की है, क्योंकि उनकी सरकार विश्व में केवल एक ही चीन को मान्यता देती है।

**चीन ने ताइवानी दंपती की संपत्तियों पर लगाई रोक**

चीन ने पिरामिड स्कीम गतिविधियों को लेकर उस कंपनी की संपत्तियों पर रोक लगा दी है, जिसकी स्थापना एक पूर्व ताइवानी अभिनेता और उनकी पत्नी ने की थी। पिरामिड स्कीम में दो से चार, चार से आठ और आगे इसी तरह से लोगों की श्रृंखला बनती जाती है। चीनी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, शंघाई डावेल ट्रेडिंग कंपनी पर आरोप है कि इसने पिरामिड स्कीम के जरिये मुनाफा कमाया और इसे बाहर भेजा और वित्तीय संस्थानों के जरिये छिपा लिया। कंपनी की 9.40 करोड़ डालर (लगभग सात सौ करोड़ रुपये) की संपत्तियों पर रोक लगाई गई है।

**सुविचार** — संसार में ऐसे लोग थोड़े ही होते हैं, जो कठोर किंतु हित की बात कहने वाले होते है। - महर्षि वाल्मीकि

## संपादकीय

### सुरक्षा ही बधाई

वाकई नया साल हम ऐसे माहौल में मना रहे हैं जब एक बार फिर कोरोना महामारी की लहर की आशंका बनी है। नये कोरोना वेरिएंट के खतरे से पूरी दुनिया सहमी है। देखते ही देखते ओमीक्रोन ने पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया, जिसके बारे में ठीक-ठीक जानकारी हमारे पास नहीं है। लेकिन जीवन जीवटता का पर्याय है। भारत जैसे विकासशील देश ने जैसे आत्मनिर्भरता का परचम लहराते हुए देश में विकसित व निर्मित टीके से एक अरब से अधिक लोगों को टीका लगाकर कोरोना के खिलाफ लड़ाई लड़ी, उसकी दूसरी मिसाल नहीं है। दरअसल, नया साल हमारी सोच का पर्याय है। सकारात्मक दृष्टिकोण व जीवटता के जज्बे से हम हर दिन को नया बना सकते हैं। यह बहस का मुद्दा नहीं है कि यह नववर्ष परंपरागत नववर्ष नहीं है। जीवन का उल्लास जब सारी दुनिया मिलकर अभिव्यक्त करती है तो खुशी कई गुना बढ़ जाती है। यह चुनौती का समय है। जब तक नये वेरिएंट की वैक्सीन को लेकर पर्याप्त जानकारी वैज्ञानिकों के पास नहीं है, तब तक बचाव ही कारगर वैक्सीन है। हमने पहली व दूसरी लहर में बहुत कुछ खोया है। आज उसके सबकों से सीख लेकर आगे जीवन तय करने का वक्त है। इस दौर में जहां मुसीबतों को अवसर में बदलने वाले लोग सामने आये तो मानवता का उदात्त रूप भी सामने आया। प्रवासी श्रमिकों के लिये रात-दिन चलने वाले लंगर व मदद को उठे हाथ मानवता पर विश्वास को और पुख्ता कर गये। यह चुनौती का समय वंचित समाज की मदद को आगे आने का है। सर्वकल्याण की भावना ही हमारे नये साल के संकल्प का आधार होना चाहिए। सही मायनों में दुख बांटने से जो असीम सुख हासिल होता है, वही नये साल के पर्व का मर्म भी है। कोरोना संकट ने बताया भी है कि दुनिया का कोई देश यदि वैक्सीन या दवाइयों से वंचित रह जाता है तो परिवर्तित वेरिएंट दुनिया में फिर कहर बरपा सकता है। निस्संदेह, नया साल एक मानक ही है, जीवन में बदलाव लाने का। हम नये साल पर कुछ अच्छा करने का संकल्प लेते हैं। अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करते हैं। कोशिश करते हैं कि नये साल में किसी बुरी आदत को छोड़कर अच्छी आदत को डालें। कोरोना संकट ने मानवता को बड़े सबक दिये हैं। दवाओं व ऑक्सीजन की कालाबाजारी से लेकर मरीजों को उलटे उस्तरे से मूंडने वाले अस्पतालों की कलई खुली है। मौके का चौका लगाने वालों की भी कमी नहीं होती। लेकिन समाज में फिर भी सकारात्मक सोच वाले मदद को उठे हाथ ज्यादा हैं। इस सामूहिक सोच को समाज की ताकत बनाने की जरूरत है। आर्थिक व भौतिक समृद्धि तभी सार्थक है जब हम महात्मा गांधी के ट्रस्टीशिप के विचार को मूर्त रूप दें। अपने पर्याप्त संसाधनों से जरूरतमंदों की मदद करें। कोरोना संकट में हमारे चिकित्सा तंत्र की जो तमाम खामियां सामने आई हैं, उनको दूर करने का संकल्प हम इस नये साल में लें। गरीब आदमी को सस्ता व कारगर उपचार उपलब्ध हो, इसके लिये सामुदायिक पहल हो। समाज के पीयूष जैनों को धन तहखानों में छिपाने के बजाय मानवता के कल्याण के लिये लगाने की जरूरत है। धन एक सीमा तक तो उपयोगी होता है, उसके बाद तो वह महज गिनती ही है। जो व्यक्ति व समाज की मुश्किलें बढ़ाता है।

### आज के कार्टून




m.kaushal

# घातक साबित होगा ओमिक्रॉन संक्रमण को लेकर लापरवाही

**भरा रवैया (लेखक- योगेश कुमार गोयल / ईएमएस)**

देश में ओमिक्रॉन के लगातार बढ़ते मामलों से दहशत का माहौल बनने लगा है। लगभग तमाम विशेषज्ञ इसी की वजह से बढ़ रहे मामलों को देखते हुए फरवरी माह में तीसरी लहर की भविष्यवाणी करने लगे हैं। ऐसे में पहले से ही रोजी-रोटी के संकट से जूझ रहे करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के साथ-साथ एक और लॉकडाउन लगने का डर अभी से सताने लगा है। दरअसल चंद दिनों में ही ओमिक्रॉन के देशभर में 500 से भी ज्यादा मरीज सामने आ चुके हैं और यह आंकड़ा प्रतिदिन तेजी से बढ़ रहा है। इसी के चलते कुछ राज्यों द्वारा 'नाइट कर्फ्यू' लगाए जाने की शुरूआत हो चुकी है। हालांकि ओमिक्रॉन को लेकर सरकार द्वारा स्पष्ट का दिया गया है कि इसमें ऑक्सीजन की जरूरत कम ही है लेकिन जिस प्रकार कई देशों में कोरोना संक्रमण की रफ्तार बढ़ाने वाला कोरोना का ओमिक्रॉन वेरिएंट डेल्टा से ताकतवर रूप में सामने आ रहा है, उससे तीसरी लहर की भविष्यवाणियों को लेकर चिंता का माहौल बनना स्वाभाविक ही है। इन परिस्थितियों के मद्देनजर इससे निपटने के लिए समय रहते केन्द्र तथा राज्य सरकारों द्वारा प्रभावी उपाय किए जाने की सख्त आवश्यकता है। 24 नवम्बर 2021 को जहां ओमिक्रॉन का पहला मामला दक्षिण अफ्रीका में सामने आया था, वहीं भारत सहित पूरी दुनिया में केवल एक महीने के अंदर ही यह 110 से भी ज्यादा देशों में फैल चुका है और इस एक महीने में दुनियाभर में इस वेरिएंट के लाखों मामले सामने आ चुके हैं। ओमिक्रॉन फैलने की रफ्तार के आंकड़ों पर नजर डालें तो दक्षिण अफ्रीका में कोरोना संक्रमण के 95 फीसदी मामलों की प्रमुख वजह ओमिक्रॉन ही है। ब्रिटेन में जहां 29 नवम्बर तक ओमिक्रॉन के 0.17 फीसदी मामले सामने आ रहे थे, वहीं 23 दिसम्बर तक इसके 38 फीसदी मामले दर्ज किए गए। यही हाल अमेरिका का भी है, जहां ओमिक्रॉन की वजह से संक्रमण दर में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है और 22 दिसम्बर तक हर चौथा मामला ओमिक्रॉन की वजह से ही सामने आ रहा है। भारत में भी यह संक्रमण फैलने की रफ्तार काफी तेज हो गई है। दुनियाभर में फैलते ओमिक्रॉन के कहर को लेकर चिंताजक स्थिति यह है कि इसमें अब तक कुल 53 म्यूटेशन हो चुके हैं और यह डेल्टा के मुकाबले बहुत तेजी से फैलता है। डेल्टा में कुल 18 और इसके स्पाइक प्रोटीन में दो म्यूटेशन हुए थे लेकिन ओमिक्रॉन के स्पाइक प्रोटीन में 32 म्यूटेशन हो चुके हैं जबकि इसके रिसेप्टर बाइंडिंग डोमेन में भी 10 म्यूटेशन हो चुके हैं। वायरस स्पाइक प्रोटीन के जरिये ही मानव शरीर में प्रवेश करता है। लंदन के इंपीरियल कॉलेज के वायरोलॉजिस्ट डा. टोम पीकॉक के मुताबिक वायरस में जितने ज्यादा म्यूटेशन के जरिए वेरिएंट बनेगा, वह उतना ही अधिक प्रभावशाली होगा और ऐसा वेरिएंट हमें ज्यादा नुकसान पहुंचाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ओमिक्रोन को कई दिनों पहले ही 'वेरिएंट ऑफ कंर्सन' घोषित करते हुए कह चुका है कि तेजी से फैलने वाला यह वेरिएंट लोगों के लिए काफी खतरनाक साबित हो सकता है। यूके स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी के मुख्य चिकित्सा सलाहकार डा. सुसान हॉपकिंस का कहना है कि कोरोना का यह वेरिएंट दुनियाभर में प्रमुख डेल्टा स्ट्रेन सहित अन्य किसी भी वेरिएंट के मुकाबले बदतर होने की क्षमता रखता है। विशेषज्ञों के अनुसार डेल्टा वेरिएंट की आर वैल्यू 6-7 थी अर्थात् एक व्यक्ति वायरस को 6-7 व्यक्तियों में फैला सकता है जबकि ओमिक्रॉन की आर वैल्यू डेल्टा के मुकाबले करीब छह गुना ज्यादा है, जिसका अर्थ है कि ओमिक्रॉन से संक्रमित मरीज 35-45 लोगों में संक्रमण फैलाएगा। भारत में ओमिक्रॉन का पहला मामला 2 दिसम्बर को सामने आया था और उसके बाद से मूल वायरस के मुकाबले तीन गुना से भी ज्यादा तेज रफ्तार से फैल रहा है। दक्षिण अफ्रीका में ओमिक्रॉन का सबसे पहले पता लगाने वाली 'साउथ अफ्रीकन मेडिकल एसोसिएशन' की अध्यक्ष डा. एंजेलिक कोएत्जी का भारत के संदर्भ में कहना है कि कोरोना वायरस के इस नए वेरिएंट के कारण यहां संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी दिखेगी लेकिन मौजूदा टीकों से इस रोग को फैलने से रोकने में निश्चित ही मदद मिलेगी किन्तु टीकाकरण नहीं कराने वाले लोगों को शत-प्रतिशत खतरा है। यही वजह है कि इस समय टीकाकरण पर बहुत ज्यादा जोर दिया जा रहा है और बहुत सारी सेवाओं में टीकाकरण प्रमाण पत्र को अनिवार्य किया जा रहा है। एंजेलिक कोएत्जी का कहना है कि यदि किसी व्यक्ति का टीकाकरण हो चुका है या जो व्यक्ति पहले भी कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुका है, उससे संक्रमण कम लोगों को फैलेगा और टीकाकरण नहीं कराने वाले लोग वायरस को संभवत: शत-प्रतिशत फैलाएंगे। डा. एंजेलिक कोएत्जी के मुताबिक ओमिक्रॉन उच्च संक्रमण दर के साथ तेजी से फैल रहा है, लेकिन अस्पतालों में गंभीर मामले अपेक्षाकृत कम हैं। यह बच्चों को भी संक्रमित कर रहा है और वे भी औसतन 5 से 6 दिन में ठीक हो रहे हैं लेकिन ओमिक्रॉन भविष्य में अपना स्वरूप बदलकर अधिक घातक बन सकता है, इसलिए बेहद सतर्क, सावधान और सुरक्षित रहने की आवश्यकता है। अधिकांश विशेषज्ञों की भांति उनका भी यही मानना है कि टीकाकरण के अलावा कोविड सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन ओमिक्रॉन संक्रमण को नियंत्रित करने में बड़ी भूमिका निभा सकता है। हालांकि भारत के संदर्भ में यह स्थिति चिंतनीय इसलिए है क्योंकि कोविड सुरक्षा प्रोटोकॉल का सारा ठीकरा और सारी जिम्मेदारी केवल जनता के ही मत्थे मढ़ दी जाती है। इस मामले में देश के कर्णधारों का व्यवहार देखें तो स्थिति काफी दयनीय है। प्रधानमंत्री, गृहमंत्री से लेकर तमाम राजनीतिक दलों के बड़े-बड़े नेता ओमिक्रॉन के बढ़ते खतरों को देखते हुए आम जनता को तो भरपूर ज्ञान की घुट्टी पिलाते नजर आते हैं मगर स्वयं रैलियों में हजारों-लाखों लोगों की भीड़ जुटाकर सारे कोरोना सुरक्षा प्रोटोकॉल की खुलकर धज्जियां उड़ाते हैं। लापरवाहियों के चलते भारत कोरोना की दूसरी लहर के दौरान तबाही का जो मंजर देख चुका है, ऐसे में यदि चुनावी रैलियों में सभी राजनीतिक दलों द्वारा इसी प्रकार भारी भीड़ जुटाई जाती रही तो डर यही है कि कहीं फिर से वही हालात न पैदा हों, जैसे मार्च-अप्रैल में चुनाव प्रचार के लिए पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम, पुडुचेरी राज्य विधानसभा चुनावों की रैलियों में जुटाई गई भारी भीड़ के चलते हुए थे। सवाल यह भी उठता है, जब भी ऐसे सवाल उठते हैं तो संबंधित राज्यों में नाइट कर्फ्यू जैसी पाबंदियां लगाकर कोरोना के खिलाफ सख्त कदम जैसी बातें दोहराई जाने लगती हैं लेकिन यह कैसी हास्यास्पद स्थिति है कि अधिकांश जगहों पर जहां रात में सड़कें पहले ही सुनसान रहती हैं, वहां नाइट कर्फ्यू और दिन में शादी-ब्याह जैसे समारोहों में तो केवल 100-200 लोगों के इकट्ठा होने की लेकिन रैलियों में लाखों की भीड़ इकट्ठा करने की अनुमति होती है। अदालतें इसके लिए बार-बार फटकार लगाते हुए सचेत भी करती रही हैं किन्तु डर इसी बात का है कि कहीं महज कागजों तक ही सीमित कोरोना पाबंदियां तीसरी लहर को खौफनाक न बना दें।

# कांग्रेस के लिए अग्निपरीक्षा हैं विधानसभा चुनाव

**(लेखक- सुरेश हिंदुस्थानी )**

पिछले दो लोकसभा चुनावों के बाद जिस प्रकार की राजनीतिक तस्वीर निर्मित हुई है, उससे यही परिलक्षित होता है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस बहुत बड़ी और कठिन परीक्षा के दौर से गुजर रही है। अब देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की कवायद चल रही है। इस राज्यों में कांग्रेस की वर्तमान हालात परिस्थिति के ऐसे भंवर में गोता लगा रही है, जहां से वह अपनी राजनीतिक स्थिति में सुधार कर पाएगी, यह असंभव सा ही लगता है। असंभव इसलिए भी कहा जा सकता है कि देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में पहले से ही कांग्रेस की स्थिति ठीक नहीं है। और फिर वर्तमान के भाजपा शासन से उत्तरप्रदेश की भुक्तभोगी जनता बहुत ही संतुष्ट दिखाई दे रही है। ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि वह जनता कह रही है जो पिछले शासन में दबंगई से परेशान थी। केवल दबंग ही नहीं, बल्कि प्रशासन के आला अधिकारी भी राजनीतिक संरक्षण प्राप्त करके अपनी मनमानी करती थी, जिसका खामियाजा सीधे तौर पर उत्तरप्रदेश की उस जनता को भुगतना पड़ता था जो बहुत ही संस्कारित भाव और ईमानदारी के साथ जीवन यापन करती थी। कौन नहीं जानता कि आज उत्तरप्रदेश के बड़े बड़े दबंग महारथी या तो रास्ते पर आ गए हैं या फिर सुरक्षित स्थान पर पहुंचकर शांत भाव से प्रदेश की योगी सरकार की कार्यशैली को बिना किसी ना नुकुर के देख रहे हैं। कांग्रेस की विसंगति यह है कि आज के परिदृश्य में उसके साथ मिलकर कम से कम उत्तरप्रदेश में तो कोई भी दल चुनाव लड़ना नहीं चाहता, क्योंकि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने बड़ा सपना दिखाते हुए समाजवादी पार्टी को सत्ता सुख से वंचित कर दिया। अखिलेश यादव के सीने में यह तीस गाहे बगाहे उठती ही होगी। दूसरी बड़ी बात यह भी है कि गांधी परिवार की विरासती पृष्ठभूमि से राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करने वाली श्रीमती प्रियंका वाड्रा भी वैसा राजनीतिक प्रभाव नहीं छोड़ पाईं, जैसी उम्मीद की जा रही थी। इसमें कांग्रेस के कमजोर होने एक प्रामाणिक तथ्य यह भी है कि राहुल गांधी ने अपने परिवार की परंपरागत सीट अमेठी का परित्याग कर केरल की राजनीतिक पिच पर अपना खेल खेला। हालांकि राहुल गांधी ने अमेठी से चुनाव अवश्य लड़ा, लेकिन भाजपा की ओर पूरी तैयारी करके जो चुनौती दी, राहुल गांधी उस चुनौती को स्वीकार करने की स्थिति में दिखाई नहीं दिए और अमेठी से शर्मनाक पराजय का सामना करना पड़ा। जहां तक उत्तरप्रदेश के साथ ही पंजाब राज्य की बात करें तो वहां पिछले छह महीने पहले जो राजनीतिक दृश्य दिखाई देता था, आज का दृश्य उसके एकदम उलट है। पहले जो कैप्टन अमरिंदर सिंह कांग्रेस की एक छत्र कमान संभाले थे, आज वे कांग्रेस के लिए ही चुनौती बनकर राजनीतिक मैदान में हैं। यह भी लगभग तय ही हो गया है कि वे भाजपा के साथ दोस्ती करके चुनाव लड़ेंगे। इससे यह लगने लगा है कि भाजपा और कैप्टन अमरिंदर सिंह को भले ही लाभ न मिले, लेकिन कांग्रेस का रसातल की ओर जाना तय सा लग रहा है। पंजाब में आम आदमी पार्टी सत्ता बनाने लायक अपनी स्थिति मानकर चल रही थी, लेकिन अब उसके सपने पूरे होंगे या नहीं, संशय की स्थिति है। पंजाब में अब राजनीतिक महत्वाकांक्षा पालकर किसान आंदोलन करने वाले 22 किसान संगठनों ने सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। इस मोर्चा ने जोर दिखाया सबके सपने धूमिल भी हो सकते है, लेकिन फिलहाल यह संभव नहीं लगता। जब से कांग्रेस ने पराभव की ओर कदम बढ़ाने प्रारंभ किए हैं, उस दिन के बाद न तो कांग्रेस में अपनी स्थिति सुधारने की दिशा में कोई प्रयत्न हुए हैं और न ही ऐसा कोई प्रयास ही किया गया है। इसका मुख्य कारण यह भी माना जा रहा है कि केंद्रीय स्तर पर कांग्रेस का कोई ऐसा राजनेता नहीं है जो प्रादेशिक क्षत्रपों को नियंत्रित करने का सामर्थ्य रख सके। इसको लेकर कांग्रेस में अंदर ही अंदर लावा सुलग रहा है, जिसका हल्की सी चिंगारी ने ही कांग्रेस को कमजोर किया है, लेकिन भविष्य में कांग्रेस के अंदर बड़े विस्फोट की भी आशंका भी निर्मित होने लगी है। आज कांग्रेस के दिग्गज नेता असहज महसूस करने लगे हैं। वरिष्ठ नेता के रूप में पहचान बनाने वाले आज मायूस हैं। वे कभी खुलकर बगावत करने की स्थिति में दिखाई देते हैं तो कभी अपने प्रति होने वाली उपेक्षा से दुखी दिखाई देते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने एक बार अपना दुख प्रकट करते हुए कहा था कि अब कांग्रेस में वरिष्ठों के दिन समाप्त हो चुके हैं। राहुल गांधी जैसा चाहते हैं वैसा ही हो रहा है। इतना ही नहीं कई राजनेता पार्टी के पूर्णकालिक अध्यक्ष की मांग भी कई बार कर चुके हैं। यह मुद्दा लोकसभा चुनाव के बाद भी बहुत जोर शोर से उठा था, लेकिन इस मांग को राष्ट्रीय नेतृत्व ने दरकिनार कर दिया। जिसका खामियाजा कांग्रेस को असंतोष के रूप में भोगना पड़ रहा है, अब आगे क्या होगा, यह भविष्य के गर्भ में है, लेकिन यह अवश्य ही कहा जा सकता है कि कांग्रेस की भविष्य की राह आसान नहीं है। वस्तुत वर्तमान समय को कांग्रेस के लिए अग्निपरीक्षा निरूपित किया जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। क्योंकि जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की तैयारी चल रही है, उनमें उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर हैं। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य को देखकर यही लगता है कि उत्तरप्रदेश में कांग्रेस वैसा चमत्कार करने की स्थिति में नहीं है, जिसकी उसके नेता विरासती पृष्ठभूमि से राजनेता बनी प्रियंका वाड्रा से आशा कर रहे थे। उत्तराखंड में भी हालात इससे कम नहीं हैं। पंजाब में घमासान चल ही रहा है। वास्तव में इस सब बातों को सुधारने के लिए कांग्रेस को लोकतांत्रिक पद्धति से अपने प्रभावी नेताओं के दुख को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। इसके अलावा लोकसभा चुनाव में मिली असफलता के बाद कांग्रेस के नेताओं को अपनी दशा सुधारने के लिए आत्ममंथन भी करना चाहिए था, लेकिन नहीं किया गया। पांच राज्यों के चुनाव कांग्रेस के लिए किस प्रकार की स्थिति निर्मित करेंगे, यह अभी देखने का समय है।

### इष्ट की उपासना

श्रीराम शर्मा आचार्य/ दिन ढल रहा था। रात और दिन फिर से बिछुड़ जाने को कुछ क्षणों के लिए एक दूसरे में विलीन हो गए थे। रम्य वनस्थली में एक पर्णकुटी में से कुछ धुआं सा उठ रहा था। कुटीर में निवास करने वाले दो ऋषि-शनक और अभिप्रतारी अपना भोजन तैयार कर रहे थे। भोजन लगभग तैयार हो चुका था तभी बाहर किसी आगन्तुक के आने का शब्द हुआ। दोनों ने जानने का प्रयत्न किया। बाहर एक युवा ब्रह्मचारी खड़ा था। ऋषि ने प्रश्न किया- 'कहो वत्स! क्या चाहिए?' युवक विनम्र वाणी में बोला-'आज प्रात: से अभी तक मुझे कुछ भी प्राप्त नहीं हो सका है। यदि कुछ भोजन मिल जाता, तो बड़ी दया होती।' कुटीर निवासी कहने को वनवासी थे, हृदय उनका सामान्य गृहस्थों से भी कहीं अधिक संकीर्ण था। सो रूखे स्वर में कहा- 'भाई तुम किसी गृहस्थ का घर देखो। हम तो वनवासी हैं।' ब्रह्मचारी को बड़ी ही निराशा हुई। यद्यपि वह अभी ज्ञानार्जन कर ही रहा था-तथापि कर्त्तव्य-अकर्त्तव्य का व्यावहारिक बोध था उसे। निराश इस बात से नहीं था वह कि उसे भोजन प्राप्त नहीं हो सका था। तब चुपचाप चले जाने की अपेक्षा उस युवक ने यही उचित समझा कि इन अज्ञान में डूबे ज्ञानियों को इनकी भूल का बोध करा ही देना चाहिए। उसने पुन: उनको पुकारा। झुंझलाते हुए शनक और अभिप्रतारी बाहर आए। तब युवक बोला-'क्या मैं यह जान सकता हूं कि आप किस देवता की उपासना करते हैं?' उन ऋषियों को तनिक क्रोध आ गया। झुंझलाहट में कहा-'तुम बड़े असभ्य मालूम होते हो। अस्तु! हमारा इष्टदेव वायु है, जिसे प्राण भी कहते हैं।' अब वह ब्रह्मचारी बोला- 'तब तो आप अवश्य ही यह जानते होंगे कि यह प्राण समस्त सृष्टि में व्यापक है। जड़-चेतन सभी में।' ऋषि बोले- 'क्यों नहीं! यह तो हम भली-भांति जानते हैं।' अब युवक ने प्रश्न किया- 'क्या मैं यह जान सकता हूं कि यह भोजन आपने किसके निमित्त तैयार किया है?' ऋषि अब बड़े गर्व से बोले- 'हमारा प्रत्येक कार्य अपने उपास्य को समर्पित होता है।' ब्रह्मचारी ने मन्द स्मिति के साथ कहा-'यदि प्राण तत्व इस समस्त संसार में व्याप्त है, तो वह मुझमें भी है। आप यह मानते हैं?' ऋषि को अब ऐसा बोध हो रहा था कि अनजाने ही वे इस युवा के समक्ष हारते चले जा रहे हैं। तली में जैसे छेद हो जाने पर नाव पल-पल अतल गहराई में डूबती ही जाती है युवक की वाणी में उनका अहं और अज्ञान वैसे ही धंसता चला जा रहा था।

### सू-दोकू नवताल -2007


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 2 | | 5 | | 3 | |
| | 2 | 4 | | | | | | 8 |
| 7 | | 3 | | 6 | 9 | | | 4 |
| 3 | | 8 | | | | | | |
| 4 | 5 | 7 | | 8 | | 3 | 1 | 2 |
| | | | | | | 7 | | 9 |
| 9 | | | 5 | 3 | | 8 | | 1 |
| 2 | | | | | | 9 | 6 | |
| | 7 | | 6 | | 1 | | 2 | |

**सू-दोकू -2006 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 X 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

### फिल्म वर्ग पहेली- 2007



**बायें से दायें:-**

1. ऋषि कपूर, मनीषा कोइराला की 'दिल की लगी कही ना जाए' गीत वाली फिल्म-4
4. ऋतिक रोशन, करिश्मा कपूर की फिल्म-2
6. 'सुबह सुबह जब खिड़की खोले' गीत वाली फिल्म-2
7. 'तेरी गलियों में ना रखेंगे कदम' गीत वाली फिल्म-3
9. प्रसिद्ध फिल्म 'मदर इंडिया' में शीर्षक भूमिका किस अभिनेत्री ने की थी-3
10. फिल्म 'रणभूमि' में ऋषि कपूर की नायिका-2
12. ऋषि कपूर और डिम्पल की फिल्म-2
13. गुलजार की फिल्म 'परिचय' में जया भादुड़ी के साथ नायक-3
14. प्रशांत और ऐश्वर्या की फिल्म-2
15. 'बाबा मेरी ये जवानी' गीतवाली फिल्म-2
16. जैकी श्रॉफ जूही, अमृता सिंह की फिल्म-3
19. राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-3
20. 'दुनिया का मेला, मेले में लड़की' गीत वाली हेमा मालिनी की फिल्म-2,2
21. फिल्म 'रिफ्यूजी' में अभिषेक की नायिका-3
23. अमिताभ बच्चन, मौसमी चटर्जी अभिनीत फिल्म-3
27. मिथुन, पद्मिनी की फिल्म-2
28. शत्रुघ्न, मिथुन, हेमा, अनीता राज की फिल्म-4
29. देव आनंद, माला सिन्हा की फिल्म-2
30. अविनाश वधावन, आयशा जुल्का की फिल्म-3
31. 'चंदा ने दी चांदनी' गीत वाली जीतेंद्र, जया प्रदा की फिल्म-1

**ऊपर से नीचे:-**

1. जीतेंद्र, राज बब्बर, रीना राय परवीन बाबी अभिनीत फिल्म-3
2. 'हम को हमीं से चुरालो' गीतवाली फिल्म-4
3. सलमान खान, रेवती अभिनीत फिल्म-2
5. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली फिल्म-3
6. शाहरुख खान, जूही चावला की फिल्म-2,2
8. फिल्म 'सवेरे वाली गाड़ी' में पूनम ढिल्लो के साथ नायक-2
11. 'मेरा नाम बिल्लू-बिल्लू' गीतवाली फिल्म-3
13. सलमान, सनी, करिश्मा,तब्बू की फिल्म-2
15. सनी देओल, मीनाक्षी, ममता अभिनीत फिल्म-3
16. 'मेरे सपनों की रानी कब आएगी तू' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-4
17. 'तेरे बिन में कुछ नहीं' गीत वाली फिल्म-3
18. देव आनंद, नूतन अभिनीत फिल्म-4
19. फिल्म 'कभी हां कभी ना' में नायिका सुचित्रा कृष्णमूर्ति के किरदार का नाम-2
22. फिल्म 'प्यासा सावन' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-2
23. सनी देओल, अमृता सिंह अभिनीत फिल्म-3
24. फिल्म 'परदेस' की नायिका कौन थी-3
25. 'रुके-रुके से कदम रुक के बार बार चले' गीत वाली संजीव कुमार, शर्मिला टैगोर अभिनीत फिल्म-3
26. 'ऐसी रंग दे पिया' गीत वाली फिल्म 'बाबू' में राजेश खन्ना के साथ नायिका कौन थी-2

### फिल्म वर्ग पहेली-2006





# सूरज पंचोली को फिर मिला सलमान का सहारा


बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने अपने दोस्त आदित्य पंचोली के बेटे सूरज पंचोली को साल 2015 में फिल्म हीरो से लॉन्च किया था। इस फिल्म का प्रोडक्शन सलमान खान ने किया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। इसके बाद सूरज की दो और फिल्में सैटेलाइट शंकर और टाइम टू डांस रिलीज हुई लेकिन ये भी कुछ खास नहीं कर पाई। सूरज पंचोली का करियर किसी भी दिशा में नहीं बढ़ रहा है। ऐसे में सूरज पंचोली को एक बार फिर सलमान खान का सहारा मिला है। खबरों के अनुसार सूरज पंचोली एक बार फिर सलमान खान फिल्म्स के तले बनने जा रही फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में सूरज पंचोली के साथ जैकलीन फर्नांडिस नजर आएंगी। यह एक रोमांटिक ड्रामा होगी। कहा जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग भी अगले साल ही शुरू हो जाएगी। फिल्म की शूटिंग के अप्रैल या मई से शुरू होने की संभावना है।



## क्या तारक मेहता को अलविदा कहने जा रहे जेठालाल?

तारक मेहता का उल्टा चश्मा दर्शकों का पसंदीदा शो है। इस शो के हर किरदार को काफी पसंद किया जाता है। शो में जेठालाल के किरदार को काफी पसंद किया जाता है। एक्टर दिलीप जोशी शो की शुरुआत से ही जेठालाल के किरदार को निभाते नजर आ रहे हैं। शो में अब तक कई किरदारों की नई एंट्री हुई है तो कुछ ने शो को अलविदा कह दिया। हाल ही में दिलीप जोशी के भी शो को छोड़ने की खबरें सामने आई थी। अब इन खबरों पर दिलीप जोशी ने अपनी चुप्पी तोड़ी है और सच्चाई बताई है। एक इंटरव्यू के दौरान दिलीप जोशी ने बताया कि वह शो नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरा शो एक कॉमेडी शो है और इसका हिस्सा बनना मजेदार है। इसलिए जब तक मैं इसका आनंद लेता हूं, तब तक मैं इसे करता रहूंगा। जिस दिन मुझे ऐसा लगता है कि मैं अब इसका आनंद नहीं ले रहा हूं, मैं आगे बढ़ूंगा। उन्होंने कहा, मुझे दूसरे शो के ऑफर मिलते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि जब यह शो अच्छा चल रहा है तो बेवजह इसे किसी और चीज के लिए क्यों छोड़ दिया जाए। यह एक खूबसूरत यात्रा है और मैं इससे खुश हूं। लोग हमसे बहुत प्यार करते हैं और मैं इसे बिना वजह बर्बाद क्यों करना चाहूंगा। बता दें कि जेठालाल का किरदार निभाकर दिलीप जोशी ने जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है।

## नसीरुद्दीन शाह ने मुगलों को बताया रिफ्यूजी



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह अक्सर अपने बेबाक बयानों की वजह से विवादों में घिर जाते हैं। हाल ही में नसीरुद्दीन के कुछ ऐसा कह दिया जिसके बाद उन्हें जमकर ट्रोल किया जा रहा है। एक इंटरव्यू के दौरान नसीरुद्दीन शाह ने मुगलों को रिफ्यूजी बता दिया है। नसीरुद्दीन शाह ने मुगलों पर बात करते हुए कहा कि इन दिनों बार-बार मुगलों की बात होती है। वो भूल जाते हैं कि मुगल ही वो लोग हैं, जिन्होंने देश के लिए बहुत सारा योगदान दिया है। ये वे लोग हैं जिन्होंने देश में स्थायी स्मारक छोड़े हैं, जिन्होंने नृत्य, संगीत, चित्रकला, साहित्य की परंपरा को दिया है। सीरुद्दीन ने कहा कि तैमूर, नादिर शाह और गजनी की कोई बात नहीं करता। ये लोग लुटेरे थे। वो आए, लूटा और चले गए। मुगलों के बारे में व ?या कहे, उनको क्या कहना सही होगा। उन्हें रिफ्यूजीज्हां वो रिफ्यूजी जैसे ही थे। नसीरुद्दीन का यह इंटरव्यू सामने आने के बाद उन्हें जमकर ट्रोल किया जा रहा है। लोग नसीरुद्दीन शाह के वीडियो को शेयर करते हुए कह रहे हैं कि वह थैंकलेस आदमी हैं। ये पहली बार नहीं है, जब नसीरुद्दीन शाह अपने किसी बयान को लेकर विवादों में हैं। इससे पहले नसीरुद्दीन ने तालिबान को लेकर अपने विचार व्यक्त किए थे, जिसको लेकर सोशल मीडिया पर उन्हें काफी ट्रोल किया गया था।



## शमशेरा का हिस्सा बनना किसी सपने से कम नहीं था-वाणी

अभिनेत्री वाणी कपूर इस बात से खुश है कि उनकी अगली फिल्म शमशेरा स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है। वह कहती हैं कि आने वाली फिल्म का हिस्सा बनना किसी ड्रीम से कम नहीं था। 2021 के बारे में बात करते हुए, वाणी ने कहा कि एक कलाकार के रूप में यह मेरे लिए एक शानदार वर्ष रहा है। चंडीगढ़ करे आशिकी ने मुझे दर्शकों का प्यार और सराहना दी। वाणी ने कहा, मैं वास्तव में सिनेमा की इस दुनिया में अपनी आगे की यात्रा की प्रतीक्षा कर रही हूं। वाणी वाईआरएफ की शमशेरा में रणबीर कपूर के साथ दिखाई देंगी, जो 18 मार्च, 2022 को रिलीज होने वाली है। उन्होंने कहा कि शमशेरा के रिलीज होने के साथ, मैं दर्शकों के लिए अपने अभिनय का एक और पक्ष लाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। शमशेरा का हिस्सा बनना भी किसी सपने से कम नहीं था। वाणी ने अपने को-स्टार रणबीर कपूर की भी जमकर तारीफ की। वाणी ने कहा कि रणबीर कपूर मेरे सह-कलाकार है, उनकी क्षमता के अभिनेता के साथ काम करना बहुत ही खूबसूरत था। कुछ फिल्मों के बाद वाईआरएफ के साथ काम करना इसे और भी खास बनाता है।

वाणी ने कहा कि मैं लोगों द्वारा शमशेरा देखने का इंतजार नहीं कर सकती और उम्मीद है कि एक टीम के रूप में हमने जो काम किया है उसकी सराहना होगी।

# रणवीर सिंह में है रिस्क लेने की बड़ी भूख

अभिनेता रणवीर सिंह जोखिम लेने में विश्वास करते हैं। उसके लिए, हाई रिस्क वह है जो किसी फिल्म या चरित्र को यादगार बनाता है। एक अभिनेता के रूप में अपनी यात्रा और प्रगति को परिभाषित करते हुए, रणवीर कहते हैं कि मैंने कुछ बड़े जोखिम उठाए हैं। यदि फिल्म में कोई उच्च जोखिम शामिल नहीं है तो यह मेरे लिए कुछ भी नहीं है। जितना अधिक जोखिम, उतना अधिक भुगतान। मैं परिभाषित नहीं होना चाहता क्योंकि मुझे लगता है कि किसी व्यक्ति को एक बॉक्स में रखना, उसे सीमित करने के बराबर है। अभिनेता एक ऐसी फिल्मोग्राफी बनाने की दिशा में काम करना स्वीकार करते हैं जिसमें गहराई हो। अभिनेता कहते है कि मैं अपनी फिल्मोग्राफी को सचेत और अवचेतन रूप से आकार दे रहा हूं। क्योंकि कोई दूसरा रास्ता नहीं है। मैं वास्तव में उम्मीद कर रहा हूं कि फिल्म निर्माता मुझे ऐसी भूमिकाएं देना जारी रखेंगे, जहां मैं वास्तव में कुछ कर सकता हूं। उन्होंने यादगार पात्रों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि मेरे लिए, ऐसे किरदार करना महत्वपूर्ण है जिनकी स्मृति हमेशा के लिए हो और जो मेरी पसंदीदा फिल्म लाइफ इज ब्यूटीफुल जैसी लोगों को खुशी दे, जिसे मैं देख सकता हूं।



## कोरोनावायरस की चपेट में आईं एक्ट्रेस शिल्पा शिरोडकर



मनोरंजन जगत में इन दिनों कोरोनावायरस जमकर कहर ढ़ा रहा है। कई सेलेब्स इस महामारी की चपेट में आ रहे हैं। एक्ट्रेस शिल्पा शिरोडकर भी कोरोना से संक्रमित हो गई हैं। शिल्पा शिरोडकर, हम, आंखें और खुदा गवाह जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करके इसकी जानकारी दी है। शिल्पा शिरोडकर ने बताया कि वह चार दिन पहले संक्रमित पाई गईं थी। उन्होंने लिखा, चार दिन पहले कोरोना वायरस से संक्रमित होने का पता चला। शिल्पा शिरोडकर, कोविड-19 रोधी टीका सबसे पहले लगवाने वाली भारतीय हस्तियों में शामिल थीं। वह अपने परिवार के साथ दुबई में रहती हैं और इस साल जनवरी में उन्होंने चीन का सिनोफार्म टीका लगवाया था। उन्होंने लिखा, आप सभी सुरक्षित रहें, टीका लगवाएं और नियमों का पालन करें.. आपकी सरकार को पता है कि आपके लिए क्या बेहतर है।


## कोरोनावायरस की चपेट में आईं नोरा फतेही




देश में कोरोनावायरस की तीसरी लहर दस्तक दे चुकी है। कोरोना से संक्रमित लोगों की संख्या हर दिन बढ़ती ही जा रही है। इस महामारी की चपेट में कई सेलेब्स भी आ रहे हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही भी कोरोना से संक्रमित हो गई हैं। नोरा फतेही के सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी गई है। नोरा के मैनेजर की तरफ से भी एक बयान जारी किया गया है, जिसमें कहा गया कि नोरा 28 दिसंबर को कोरोनावायरस पॉजिटिव पाई गईं और अभी वे क्वारंटीन हैं। नोरा ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर पोस्ट किया, हाय दोस्तो, दुर्भाग्यवश में इस समय कोविड से लड़ रही हैं। सच कहूं तो इसने मुझे बुरी तरह से हिट किया है। मैं कुछ दिनों से डॉक्टर की देखरेख में बिस्तर पर हूं। प्लीज दोस्तों सुरक्षित रहिए और अपना मास्क जरूर पहनें। ये बहुत तेजी से फैल रहा है और ये किसी न किसी तरह से हर किसी को प्रभावित कर सकता है। एक्ट्रेस ने लिखा, दुर्भाग्य से मैंने इस पर बुरी तरह से प्रतिक्रिया दी है। यह किसी के साथ भी हो सकता है। कृपया सावधान रहें। मैं इस समय ठीक होने पर काम कर रही हूं, जो अभी सबसे ज्यादा मायने रखता है। आपके स्वास्थ्य से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ नहीं है। ध्यान रखिए, सुरक्षित रहिए।

## मैं यूनिक कंटेंट और स्क्रिप्ट के लिए पूरे दिल से काम करता हूं-आयुष्मान

अभिनेता आयुष्मान खुराना अपनी स्क्रिप्ट काफी सावधानी के साथ चुनते है। आयुष्मान कहते हैं कि मैं यूनिक कंटेंट, और स्क्रिप्ट की ओर आकर्षित होता हूं। यूनिक विषयों की ओर आकर्षित होता हूं, जो मुझे लगता है कि समर्थन के लिए महत्वपूर्ण हैं। मैं कभी भी यह सोचकर फिल्म नहीं चुनता कि यह कितनी हिट होगी। मैं अनिवार्य रूप से एक कलाकार हूं, जो सबसे अच्छी फिल्मों के साथ लोगों का मनोरंजन करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मैं केवल एक फिल्म का चयन स्क्रिप्ट के आधार पर करता हूं। इसे ताजा और उपन्यास होना चाहिए और अगर यह लोगों को हमारे जीवन के बारे में सोचने और सवाल करने के लिए प्रेरित कर सकता है, तो यह एक बोनस है। लोग पहले मनोरंजन करने आते हैं और फिर एक विशिष्ट संदेश के बारे में बातचीत करते हैं जो उन्हें सबसे नए तरीके से दिया जाता है। अभिनेता खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि उन्होंने उन फिल्म निर्माताओं के साथ काम किया है जिन्होंने उनमें से सर्वश्रेष्ठ फिल्म दी है।





# अमिताभ बच्चन की चेहरे ने हासिल की खास उपलब्धि

**इस लिस्ट में जगह बनाने वाली बनी एकमात्र भारतीय फिल्म**

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और इमरान हाशमी की फिल्म चेहरे ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इंटरनेशल मीडिया और एंटरटेनमेंट फर्म अल्फा1मीडिया की वर्ल्ड टॉप 10 लिस्ट में चेहरे ने स्थान हासिल किया है। रूमी जाफरी निर्देशित चेहरे इकलौती ऐसी फिल्म है, जो दुनियाभर की बेस्ट फिल्मों की लिस्ट में जगह बनाने में कामयाब हुई है। इस लिस्ट में यह फिल्म 8वें नंबर पर है। अल्फा1मीडिया की ए1फिल्म 2021 टॉप 10 फिल्मों का सर्वे करती है और हॉलीवुड, बॉलीवुड, यूरोप, मध्य पूर्व, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, एशिया और सुदूर पूर्व की फिल्मों को शामिल करती है, जो 2021 में सर्वश्रेष्ठ ग्लोबल लोकप्रिय सिनेमा को दर्शाती हैं।



## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 58.7 करोड़ डॉलर घटा

मुंबई ।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 58.7 करोड़ डॉलर घटकर 635.08 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले 17 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 16 करोड़ डॉलर घटकर 635.667 अरब डॉलर रह गया था। जबकि तीन सितंबर, 2021 को समाप्त सप्ताह में यह मुद्रा भंडार 642.453 के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया था। आरबीआई के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 24 दिसंबर को समाप्त समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट आने की वजह विदेशी मुद्रा आस्तियों (एफसीए) में कमी आना है, जो कुल मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा होता है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार सप्ताह के दौरान एफसीए 84.7 करोड़ डॉलर घटकर 571.369 अरब डॉलर रह गया। डॉलर में अभिव्यक्त किए जाने वाले विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पौंड और येन जैसे गैर-अमेरिकी मुद्रा के घट -बढ़ को भी शामिल किया जाता है। इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 20.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 39.39 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास विशेष आहरण अधिकार 2.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 19.114 अरब डॉलर हो गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष में देश का मुद्रा भंडार 2.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 5.207 अरब डॉलर हो गया।

## एमजी मोटर की खुदरा बिक्री बीते साल 43 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली ।

एमजी मोटर इंडिया की खुदरा बिक्री बीते साल 2021 में 43 प्रतिशत बढ़कर 40,273 इकाई पर पहुंच गई। 2020 में कंपनी ने 28,162 वाहन बेचे थे। बीते साल कंपनी की बिक्री में मुख्य योगदान हेक्टर एसयूवी का रहा। इस दौरान कंपनी ने हेक्टर एसयूवी की 31,509 इकाइयां बेचीं। इसके अलावा साल के दौरान कंपनी ने ग्लॉस्टर एसयूवी की 3,823, जेएस ईवी की 2,798 और एस्टर एसयूवी की 2,143 इकाइयां बेचीं। एमजी मोटर इंडिया के एक अे धिकारी ने कहा कि बीता साल पूरे वाहन उद्योग के लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा। 2022 की पहली छमाही में भी यह अनिश्चित स्थिति जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि महामारी के नए स्वरूप ओमीक्रोन, वैश्विक स्तर पर सेमीकंडक्टर की कमी तथा सामग्री की लागत बढ़ने की वजह से मुद्रास्फीति का जोखिम वाहन उद्योग के लिए चुनौती रहेगा।

## वित्त मंत्रालय ने सरकारी खर्च वाली हवाई यात्राओं के लिए तीन एजेंट तय किए



**नई दिल्ली:** वित्त मंत्रालय ने सरकारी खर्च पर होने वाली सभी हवाई यात्राओं के लिये टिकटों की खरीद तीन एजेंटों- बामर लॉरी, अशोक ट्रैवल्स एंड टूर्स और आईआरसीटीसी में से ही किसी एक से करने को कहा है। वित्त मंत्रालय के अधीन आने वाले व्यय विभाग ने शुक्रवार को एक कार्यालय ज्ञापन में कहा कि सरकारी विमानन कंपनी एयर इंडिया के विनिवेश के मद्देनजर यह निर्णय किया गया है। इस ज्ञापन के मुताबिक, ''हवाई यात्रा के उन सभी मामलों में, जहां भारत सरकार लागत का वहन करती है, एयर टिकटों की खरीद तीन अधिकृत ट्रैवल एजेंटों....बामर लॉरी एंड कंपनी लि., अशोक ट्रैवल्स एंड टूर्स और भारतीय खानपान और पर्यटन निगम लि. (आईआरसीटी) से की जा सकती है।'' व्यय विभाग ने कहा कि व्यक्तिगत मंत्रालय/विभाग द्वारा टिकट की बुकिंग के लिए ट्रैवल एजेंट का चुनाव प्रदान की जाने वाली सेवा की गुणवत्ता, अतिरिक्त सामान, टिकट रद्द करने समेत अन्य अतिरिक्त सुविधाओं पर निर्भर करेगा।

# नए साल में अर्थव्यवस्था को वृद्धि की आस: महामारी, मुद्रास्फीति की चुनौतियां बरकरार

**नई दिल्ली (एजेंसी):**




महामारी के चलते पैदा हुई चुनौतियों से उबरने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था को वृद्धि की उम्मीद है, हालांकि कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों और महंगाई के कारण चुनौतियां भी बरकरार हैं। वर्ष 2022 की शुरुआत में बजटीय घोषणाओं से लेकर प्रोत्साहन उपायों को जारी रखने के बारे में फैसले और मौद्रिक नीति के रुख के आधार पर घरेलू अर्थव्यवस्था की दिशा तय होगी। घरेलू अर्थव्यस्था के मार्च, 2022 में समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के दौरान नौ प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ने का अनुमान है। इस बीच, ओमीक्रॉन स्वरूप के प्रकोप से बचने की दिशा में टीकाकरण अभियान में तेजी और चुनिंदा श्रेणियों के लोगों के लिए अतिरिक्त खुराक से मदद मिलेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले महीनों में अर्थव्यवस्था में एक मजबूत सुधार देखने को मिलेगा और इसके कोविड से पहले के स्तर से आगे बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, अगर वायरस का प्रकोप अनियंत्रित हुआ, तो वृद्धि प्रभावित हो सकती है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान अर्थव्यवस्था ने 20.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। ऐसा कम आधार प्रभाव के चलते हुआ। उद्योग मंडल फिक्की के अध्यक्ष संजीव मेहता ने कहा कि मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में नौ प्रतिशत से अधिक की संभावित वृद्धि अच्छी है, हालांकि देश को लंबी अवधि में लगातार आठ प्रतिशत की वृद्धि की जरूरत है। रेटिंग एजेंसी फिच ने कहा कि उसे उम्मीद है कि अधिकांश प्रतिबंधों को हटाने के बाद सेवा क्षेत्र में एक मजबूत उछाल आएगा।

## पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

**मुंबई (एजेंसी)।**



पेट्रोल और डीजल की कीमत में नया साल के पहले दिन 01 जनवरी शे निवार को भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। जबकि क्रूड ऑयल की कीमत में अच्छी गिरावट देखने को मिली है। वैश्विक बाजार में क्रूड ऑयल के दाम 2 फीसदी से ज्यादा टू गए हैं। क्रूड ऑयल के दाम 78 डॉलर प्रतिबैरल से नीचे आ गए हैं। आईओसीएल के अनुसार देश के चारों महानगरों में पेट्रोल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल के दाम 95.41 रुपए प्रतिलीटर पर हैं। वहीं दूसरी ओर कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत क्रमशः 104.67 रुपए, 109.98 रुपए और 101.40 रुपए प्रतिलीटर हैं। वहीं नई दिल्ली में डीजल के दाम 86.67 रुपए, कोलकाता में 89.79 रुपए, मुंबई में 94.14 रुपए और चेन्नई में 91.43 रुपए प्रति लीटर हैं।




## पेंशनर्स के लिए जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की तारीख बढ़ी

मुंबई ।

नए साल में सरकार ने पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाण पत्र (लाइफ सर्टिफिकेट) जमा कराने की ओ खिरी तारीख को बढ़ा दिया है। अभी तक पेंशनभोगी के लिए ये काम करने की तारीख 31 दिसंबर तक थी लेकिन अब पेंशनर्स अपना लाइफ सर्टिफिकेट 28 फरवरी 2022 तक जमा करा सकते हैं। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने दूसरी बार डेडलाइन बढ़ाने की घोषणा की है। गौरतलब है` कि हाल ही में सरकार ने लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने की अंतिम तिथि को 30 नवंबर से बढ़ाकर 31 दिसंबर किया था और अब इसे 28 फरवरी 2022 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। सरकार के इस कदम से उन लोगों को राहत मिलेगी, जिन्होंने निर्धारित तिथि तक प्रमाण पत्र जमा नहीं करा पाया था। जीवन प्रमाण पत्र देश भर में पेंशनभोगियों के लिए बिना किसी परेशानी या ब्रेक के अपना मासिक भत्ता यानी पेंशन पाने का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। पेंशनर्स पेंशन वितरण प्राधिकरणों (पीडीए) जैसे बैंकों, डाकघरों और अन्य से मिलता पेंशन पाने वाले पेंशनधार अपने घर बुलाकर भी अपना लाइफ सर्टिफिकेट दे सकते हैं।

# GST कलेक्शन दिसंबर में 1.29 लाख करोड़ के पार, नवंबर से रहा थोड़ा कम

**नई दिल्ली (एजेंसी):**




आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने के साथ ही कर चोरी करने वालों के विरूद्ध की जा रही कारर्वाई से जीएसटी राजस्व संग्रह में भी बढ़ोतरी का रूख बना हुआ है। इस वर्ष दिसंबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.30 लाख करोड़ रुपए के करीब रहा है। वित्त मंत्रालय द्वारा आज यहां जारी जीएसटी संग्रह के आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2021 में कुल जीएसटी राजस्व संग्रह 129780 करोड़ रुपए रहा है जो दिसंबर 2020 में संग्रहित राजस्व से 13 प्रतिशत और दिसंबर 2019 की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक रहा है। हालांकि नवंबर 2021 में यह राशि 131526 करोड़ रुपए पर रही थी। जुलाई 2017 में इस अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था के लागू होने के बाद नवंबर में संग्रहित जीएसटी राजस्व इस वर्ष अप्रैल के संग्रहित 1.40 लाख करोड़ रुपए के राजस्व के बाद दूसरा सबसे अधिक मासिक राजस्व था। अक्टूबर 2021 में 130127 करोड़ रुपए का जीएसटी राजस्व जमा हुआ था और नंवबर ऐसा लगातार दूसरा महीना रहा जबकि जीएसटी राजस्व संग्रह 1.30 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। दिसंबर 2021 में भी यह राशि 1.30 लाख करोड़ के करीब रही है। इस वर्ष सितंबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.17 लाख करोड़ रुपए रहा था। कोरोना की दूसरी लहर की वजह से लगाए गए कठोर लॉकडाउन के कारण इस वर्ष जून में जीएसटी राजस्व संग्रह एक लाख करोड़ रुपए से कम रहा था। इससे पहले लगातार नौ महीनों तक यह एक लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा था।

अब फिर जुलाई, अगस्त , सितंबर और अक्टूबर के साथ ही नवंबर में भी यह एक लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। इस वर्ष दिसंबर में कुल जीएसटी राजस्व संग्रह 129780 करोड़ रुपए रहा है। इसमें सीजीएसटी 22578 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 28658 करोड़ रुपए, आईजीएसटी 69155 करोड़ रुपए और क्षतिपूर्ति उपकर 9389 करोड़ रुपए रहा है। आईजीएसटी में आयात पर जीएसटी 37527 करोड़ रुपए और क्षतिपूर्ति उपकर में आयात पर जीएसटी 614 करोड़ रुपए शामिल है। सरकार ने सीजीएसटी में 25568 करोड़ रुपए और एसजीएसटी में 21102 करोड़ रुपए दिया है। इस नियमित वितरण के बाद अक्टूबर में सीजीएसटी 48146 करोड़ रुपए और एसजीएसटी 49760 करोड़ रुपए रहा है।

# दिसंबर में बढ़ी वाहनों की बिक्री, मारुति की सेल 4% घटी

**नई दिल्ली (एजेंसी):**

निसान मोटर इंडिया की दिसंबर, 2021 में घरेलू बाजार में बिक्री दोगुना बढ़कर 3,010 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी भारतीय बाजार में दो ब्रांड निसान और डैटसन बेचती है। पिछले साल समान महीने में कंपनी ने घरेलू बाजार में 1,159 वाहन बेचे थे। निसान मोटर इंडिया ने शनिवार को बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह अप्रैल-दिसंबर, 2021 में घरेलू बाजार में उसकी बिक्री 27,965 इकाई रही, जो इससे पिछले साल की समान अवधि में 6,609 इकाई रही थी। निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक राकेश श्रीवास्तव ने कहा, ''निसान ने कोविड-19 की चुनौती और सेमीकंडक्टर की कमी के बावजूद कुल मिलाकर 323 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।''

**एमजी मोटर इंडिया की खुदरा बिक्री बढ़ी**

एमजी मोटर इंडिया की खुदरा बिक्री बीते साल 2021 में 43 प्रतिशत बढ़कर 40,273 इकाई पर पहुंच गई। 2020 में कंपनी ने 28,162 वाहन बेचे थे। बीते साल कंपनी की बिक्री में मुख्य योगदान हेक्टर एसयूवी का रहा। इस दौरान कंपनी ने हेक्टर एसयूवी की 31,509 इकाइयां बेचीं। इसके अलावा साल के दौरान कंपनी ने ग्लॉस्टर एसयूवी की 3,823, जेएस ईवी की 2,798 और एस्टर एसयूवी की 2,143 इकाइयां बेचीं। एमजी मोटर इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राजीव छाबा ने शनिवार को बयान में कहा कि बीता साल पूरे वाहन उद्योग के लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा। छाबा ने कहा कि 2022 की पहली छमाही में भी यह अनिश्चित स्थिति जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि महामारी के नए स्वरूप ओमीक्रोन, वैश्विक स्तर पर सेमीकंडक्टर की कमी तथा सामग्री की लागत बढ़ने की वजह से मुद्रास्फीति का जोखिम वाहन उद्योग के लिए चुनौती रहेगा।

**टाटा मोटर्स की यात्री वाहनों की बिक्री बढ़ी**

प्रमुख वाहन कंपनी टाटा मोटर्स की दिसंबर, 2021 में यात्री वाहनों की कुल बिक्री 50 प्रतिशत बढ़कर 35,299 इकाई हो गई। टाटा मोटर्स ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी ने एक साल पहले इसी महीने में कुल 23,545 इकाइयां बेची थीं। कंपनी ने कहा कि दिसंबर, 2021 को समाप्त तीसरी तिमाही के दौरान उसकी कुल यात्री वाहनों की बिक्री 99,002 इकाई रही, जो पिछले साल की समान अवधि में 68,806 इकाई थी। इस तरह इसमें 44 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। टाटा मोटर्स के अध्यक्ष (यात्री वाहन कारोबार इकाई) शैलेश चंद्र ने कहा कि टाटा मोटर्स के यात्री वाहनों की वृद्धि यात्रा जारी है और सेमीकंडक्टर संकट के बावजूद समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कई नए मील के पत्थर बने।

**स्कोडा की बिक्री दोगुना से अधिक होकर 23,858 इकाई पर**

वाहन कंपनी स्कोडा ऑटो इंडिया की थोक बिक्री बीते साल यानी 2021 में दोगुना से अधिक होकर 23,858 इकाई पर पहुंच गई। वर्ष, 2020 में कंपनी ने डीलरों को 10,387 वाहनों की आपूर्ति की थी।

कंपनी ने शनिवार को बयान में कहा कि उसकी कुल बिक्री में कुशाक मॉडल का विशेष योगदान रहा। साल के दौरान कंपनी की कुल बिक्री में इस वाहन का हिस्सा 60 प्रतिशत से अधिक रहा। दिसंबर, 2021 में कंपनी की बिक्री 3,234 इकाई रही, जो दिसंबर, 2020 में 1,303 इकाई थी। स्कोडा ऑटो के ब्रांड निदेशक जैक हॉलिस ने कहा, ''महामारी की वजह से पैदा हुई दिक्कतों तथा उद्योग में आपूर्ति समस्याओं के बावजूद हम सालाना बिक्री में 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करने में सफल रहे।''

**मारुति की बिक्री दिसंबर में 4त्न घटी**

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की बिक्री दिसंबर, 2021 में चार प्रतिशत घटकर 1,53,149 वाहन रह गई। कंपनी ने शनिवार को बयान में यह जानकारी दी। दिसंबर, 2020 में कंपनी ने 1,60,226 वाहन बेचे थे। दिसंबर, 2021 में घरेलू बाजार में कंपनी की बिक्री 13 प्रतिशत घटकर 1,30,869 इकाई रह गई, जो एक साल पहले समान महीने में 1,50,288 इकाई रही थी। कंपनी ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों की कमी का माह के दौरान वाहनों के उत्पादन पर मामूली प्रभाव रहा।

# दिसंबर में बिजली की खपत 4.5% बढ़कर 110.34 अरब यूनिट पर

**नई दिल्ली (एजेंसी):**

देश में बिजली खपत बीते माह यानी दिसंबर, 2021 में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 4.5 प्रतिशत बढ़कर 110.34 अरब यूनिट (बीयू) पर पहुंच गई। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पिछले साल समान अवधि यानी दिसंबर, 2020 में बिजली की खपत 101.08 अरब यूनिट रही थी। विशेषज्ञों का मानना है कि देशभर में आर्थिक गतिविधियों में सुधार के बीच दिसंबर में बिजली का उपभोग स्थिर तरीके से बढ़ा है। हालांकि, उन्होंने देश में कोविड-19 के नए स्वरूप ओमीक्रॉन के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कई राज्यों द्वारा लॉकडाउन अंकुश लगाए जाने की वजह से बिजली की वाणिज्यिक और औद्योगिक मांग प्रभावित हो सकती है। इस बीच, दिसंबर, 2021 में व्यस्त समय की पूरी की गई बिजली की मांग यानी एक दिन में बिजली की अधिकतम आपूर्ति बढ़कर 183.39 गीगावॉट पर पहुंच गई, जो दिसंबर, 2020 में 182.78 गीगावॉट और दिसंबर, 2019 में 170.49 गीगावॉट रही थी।



नवंबर में बिजली की खपत 2.6 प्रतिशत बढ़कर 99.37 अरब यूनिट रही थी। नवंबर, 2020 में यह 96.88 अरब यूनिट और नवंबर, 2019 में 109.17 अरब यूनिट दर्ज की गई थी। अक्टूबर, 2021 में देश में बिजली की खपत 3.3 प्रतिशत बढ़कर 112.79 अरब यूनिट पर पहुंच गई थी। वहीं अक्टूबर, 2020 में यह 109.17 अरब यूनिट रही थी।

## आठ प्रमुख ढांचागत क्षेत्रों का उत्पादन नवंबर में 3.1% बढ़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी):**

नवंबर में आठ प्रमुख ढांचागत क्षेत्रों के उत्पादन में 3.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जबकि पिछले साल की समान अवधि में इसमें 1.1 प्रतिशत गिरावट रही थी। सरकार की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, कच्चे तेल एवं सीमेंट को छोड़कर बाकी सभी प्रमुख क्षेत्रों ने नवंबर 2021 में सकारात्मक वृद्धि दर हासिल की। अक्टूबर में इन क्षेत्रों की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही थी लेकिन इस साल फरवरी के बाद से नवंबर की वृद्धि दर सबसे कम है। फरवरी 2021 में इन क्षेत्रों का उत्पादन 3.3 फीसदी गिरा था। कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, स्टील, सीमेंट और बिजली ढांचागत गतिविधियों के प्रमुख क्षेत्र माने जाते हैं। इनका प्रदर्शन इसलिए ज्यादा अहमियत रखता है कि देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में इनका सम्मिलित भारांश 40.27 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों यानी अप्रैल-नवंबर में इन प्रमुख क्षेत्रों की वृद्धि दर 13.7 फीसदी रही।



वर्ष 2020 की समान अवधि में ये क्षेत्र 11.1 प्रतिशत की गिरावट पर रहे थे। नवंबर 2021 में कोयला उत्पादन 8.2 प्रतिशत बढ़ा, प्राकृतिक गैस 23.7 फीसदी बढ़ा और रिफाइनरी उत्पाद 4.3 फीसदी बढ़े। उर्वरक क्षेत्र 2.5 फीसदी, स्टील क्षेत्र 0.8 फीसदी और बिजली क्षेत्र 1.5 फीसदी की बढ़त दर्ज करने में सफल रहे। हालांकि प्रमुख क्षेत्रों में शुमार कच्चा तेल और सीमेंट क्षेत्र की वृद्धि दर नवंबर 2021 में सकारात्मक नहीं रही।

## WazirX के बाद दूसरे क्रिप्टो एक्सचेंज भी रडार पर, GST अधिकारियों ने की छापेमारी



**(एजेंसी):**

देश के सबसे बड़े क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज के रूप में अपनी पहचान बना चुके वजीरएक्स पर जीएसटी इंटेलिजेंसी विभाग की कारर्वाई के बाद अब दूसरे एक्सचेंज भी जीएसटी महानिदेशालय के रडार पर है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने देश में संचालित अन्य क्रिप्टो एक्सचेंजों के खिलाफ भी छापेमार कार्रवाई शुरू कर दी है। रिपोर्ट की मानें तो अनुमान है कि वजीरएक्स की तरह ही और भी क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंजों ने बड़े पैमाने पर कर चोरी की है। सूत्रों के मुताबिक जीएसटी इंटेलिजेंस के अधिकारियों की ओर से क्रिप्टोकरेंसी के लेन-देन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले कई क्रिप्टो एक्सचेंज कार्यालयों पर सर्च के दौरान जीएसटी अधिकारियों कर चोरी का पता लगाया है। हालांकि, इस संबंध में अभी आधिकारिक रूप से पूरा विवरण साझा नहीं किया गया है।

**वजीरएक्स पर हुई थी ये कार्रवाई**

जीएसटी के मुंबई ईस्ट कमिश्नरेट के अनुसार, क्रिप्टोकरेंसी का लेन-देन का काम करने वाले देश के सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज वजीरएक्स की ओर से लंबे समय से जीएसटी की चोरी की जा रही थी। इस करोड़ों की कर चोरी का खुलासा करते अधिकारियों ने एक्सचेंज पर ब्याज और पेनाल्टी लगाने के बाद अब 49 करोड़ रुपये से ज्यादा का जुर्माना वसूल किया है।

गौरतलब है कि क्रिप्टो एक्सचेंज की ओर से की जा रही इस कर चोरी का खुलासा विभाग ने गुरुवार 30 दिसंबर 2021 को किया।

जीएसटी कमिश्नरेट के द्वारा आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर साझा की गई जानकारी के मुताबिक वजीरएक्स ने 40.5 करोड़ की जीएसटी चोरी की थी। इस मामले में उससे पेनाल्टी और ब्याज के तौर पर 49.2 करोड़ रुपए की रकम वसूल की गई है।

## बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने होम लोन की ब्याज दरों को घटाकर 6.65% किया



**नई दिल्ली (एजेंसी):**

बजाज फाइनेंस लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने होम लोन पर ब्याज दरों को कम कर 6.65 प्रतिशत कर दिया है जो 26 जनवरी 2022 तक वैध रहेगा। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि अब कंपनी की तरफ से दिया जाने वाला होम लोन न्यूनतम 6.65 प्रतिशत प्रति वर्ष की ब्याज दर के साथ उपलब्ध होगा। उद्योग में पहली बार यह हाउसिंग फाइनेंस कंपनी योग्य आवेदकों को उनके होम लोन की ब्याज दरों को आरबीआई के रेपो रेट से जोड़ने का विकल्प देती है, जिसकी मदद से वे आरबीआई की तरफ से की जाने वाली संभावित दरों में कटौती का लाभ उठा सकते हैं। इस ऑफर का लाभ वेतनभोगी कर्मचारी, डॉक्टर या सीए उठा सकते हैं। वेतनभोगी आवेदकों को कम से कम 3 साल के कार्य अनुभव के साथ सार्वजनिक या निजी क्षेत्र की कंपनी या बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत होना चाहिए। डिग्री के बाद किसी अस्पताल या पंजीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता या अपनी खुद की प्रैक्टिस के मामले में न्यूनतम 3 साल का अनुभव रखने वाले एमबीबीएस या उससे अधिक योग्यता वाले डॉक्टर भी इस योजना का लाभ उठाने की योग्यता रखते हैं। वहीं वैध सर्टिफिकेट और डिग्री के बाद 3 सालों का अनुभव रखने वाले सीए भी इस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। इसके साथ ही यह ऑफर उन आवेदकों के लिए है, जो 800 और उससे अधिक के सिबिल स्कोर के साथ असाधारण क्रेडिट इतिहास का प्रदर्शन करते हैं। 750 से 799 के अच्छे क्रेडिट स्कोर वाले भी इस प्रतिस्पर्धी ब्याज दर का लाभ उठा सकते हैं लेकिन उनके लिए ब्याज दर मामूली रूप से अधिक होगी।

## स्पिन सीखने युवा खिलाड़ियों को भारत भेजे न्यूजीलैंड : जेरेमी



**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान जेरेमी कोनी ने कहा है कि उनकी टीम को स्पिन सीखने समय और पैसा लगाना होगा। हमें इस पर और अधिक काम करने की जरूरत है। जेरेमी ने कहा, 'मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड क्रिकेट को साहसी होने की जरूरत है। उन्हें स्पिन गेंदबाजी में विश्वास करने और खेल के उस हिस्से के विकास के लिए समय और पैसा देने की जरूरत है।' इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, 'हमें ऐसी जगह चाहिए, जहां खिलाड़ी बल्लेबाजी कोच की देख-रेख में स्पिन का सामना करें। इसके लिए सबसे बेहतर यह रहेगा कि हम अपने युवा खिलाड़ियों को सीखने के लिए भारत भेजें।' इसके साथ ही एक और तरीका यह है कि हम अपने देश में ही ऐसे विकेट तैयार करे जहां दूसरों की तुलना में गेंद को अधिक स्पिन मिले। इससे बल्लेबाजों के साथ विकेटकीपर और क्षेत्ररक्षकों को भी इन पिचों के बारे में समझने का मौका मिलेगा। भारत दौरे में न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे टेस्ट की एक पारी में सभी 10 विकेट लेकर लेकर दिखाया है कि कीवी टीम के पास भी प्रतिभाएं हैं। वह इस रिकॉर्ड को बनाने वाले तीसरे गेंदबाज है।

# न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेवॉन कॉनवे ने टेस्ट क्रिकेट में रचा कीर्तिमान



**नई दिल्ली ।**

नव वर्ष के आगमन के साथ ही न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच भी शुरू हो गया है। दोनों टीमों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच माउंट मॉन्गनुई में खेला जा रहा है। मैच का आज यानि के शनिवार को पहला दिन है। बांग्लादेश ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। मेजबान न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेवॉन कॉनवे ने शानदार शतक के साथ साल 2022 के पहले दिन की शुरुआत की है। उन्होंने 186 गेंदों में 14 चौके और एक छक्के की मदद से अपनी सेंचुरी पूरी की। कॉनवे साल 2022 में इंटरनेशनल शतक जमाने वाले पहले क्रिकेटर बन गए हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज का टेस्ट करियर में यह दूसरा शतक है। कॉनवे ने 227 गेंदों पर 16 चौके और एक छक्के की मदद से 122 रन बनाए।

**डेब्यू टेस्ट में जड़ा था सैकड़ा-**

कॉनवे पिछले साल जून महीने में इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स के मैदान पर डेब्यू किया था, जहां उन्होंने शानदार दोहरा शतक जड़ा था और फिर अगले दो मैचों में दो अर्धशतक बनाए थे। इनमें भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी शामिल है। चोटिल होने की वजह से वह भारत के दौरे पर नहीं आ सके थे। 30 साल के कॉनवे ने इससे पहले अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने पारी के 35वें ओवर में मेहदी हसन की गेंद पर छक्का जड़कर टेस्ट क्रिकेट में अपनी फिफ्टी पूरी की। इस फिफ्टी के साथ ही कॉनवे ने टेस्ट क्रिकेट में एक नया रिकॉर्ड कायम कर लिया है। कॉनवे का यह चौथा टेस्ट मैच है। वह न्यूजीलैंड के पहले ऐसे बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने पहले 7 टेस्ट मैचों में चार बार फिफ्टी या उससे ज्यादा का स्कोर किया है। कॉनवे ने 101 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने हसन के ओवर में दो चौके और एक छक्का लगाया। कॉनवे ने न्यूजीलैंड के लिए अबतक तीन वनडे और 20 टी20 इंटरनेशनल मैच भी खेले हैं।

**न्यूजीलैंड की खराब शुरुआत**

इससे पहले, बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। गेंदबाजों ने उसके इस फैसले को सही साबित करते हुए 1 रन के स्कोर पर ही मेजबान न्यूजीलैंड को पहला झटका दे दिया। इस मैच में न्यूजीलैंड की कप्तानी कर रहे टॉम लाथम 1 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें शोरीफुल इस्लाम ने अपना शिकार बनाया। दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा।

# इंग्लैंड की महारानी ने राडुकानू को किया सम्मानित, मिला यह अवॉर्ड



**लंदन ।**

अमेरिकी ओपन चैंपियन एमा राडुकानु को रानी एलिजाबेथ द्वितीय ने फ्लशिंग मिडोज में शानदार प्रदर्शन के बाद नए साल की वार्षिक सूची में सम्मानित किया। ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाली पहली क्वालीफायर बनी 19 साल की राडुकानु को रानी ने मेंबर ऑफ आर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (एमबीई) बनाया है। इस तरह यह साल राडुकानु के लिए यागदार रहा। राडुकानु अमेरिकी ओपन का खिताब जीतकर ब्रिटेन में रातों रात स्टार बन गई थीं। 1977 में वर्जीनिया वेड के बाद ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाली पहली ब्रिटिश महिला खिलाड़ी बनने के लिए उन्हें 2021 की बीबीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ खेल शख्सियत भी चुना गया।राडुकानु ने कहा कि वह एमबीई मिलने के बाद 'बेहद गौरवांवित' महसूस कर रही हैं। यह साल मेरे लिए शानदार सरप्राइज से भरा रहा इसलिए 2021 का अंत इस नियुक्ति के साथ करना बेहद खास है। राडुकानु के अलावा साइकिलिंग खिलाड़ियों लॉरा और जेसन कैनी की शादीशुदा जोड़ी को तोक्यो ओलंपिक में और अधिक रिकॉर्ड तोड़ने के बाद क्रमशः डेमहुड और नाइटहुड से सम्मानित किया गया। ओलंपिक तैराकी चैंपियन एडम पीटी और चेल्सी की महिला कोच एमा हायेस को आफिसर ऑफ द आर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (ओबीई) बनाया गया। इसके अलावा ओलंपिक चैंपियन गोताखोर टॉम डेली और जिम्नास्ट मैक्स विटलॉक के अलावा सात बार की पैरालंपिक चैंपियन हना कॉकरॉफ्ट को ओबीई बनाया गया।

## एटीपी कप में स्पेन और अर्जेन्टीना की जीत से शुरुआत



**सिडनी ।** अर्जेन्टीना और स्पेन ने शनिवार को यहां 16 टीम के एटीपी कप टूर्नामेंट के पहले दिन अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। अर्जेन्टीना ने जॉर्जिया के खिलाफ 3-0 की आसान जीत दर्ज की जबकि स्पेन ने चिली को इसी अंतर से हराया। यह टीम टूर्नामेंट सिडनी के दो स्टेडियम में खेला जा रहा है। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी डिएगो श्वार्ट्जमैन ने एकल मुकाबले में जॉर्जिया के निकोलोज बासिलाशविली को 6-1, 6-2 से हराकर अर्जेन्टीना को 2-0 की निर्णायक बढ़त दिलाई। इससे पहले फेडेरिको डेलबोनिस ने एलेक्सांद्रे मात्रेवेली को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। युगल मुकाबले में मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोलतेनी ने सबा पर्तसेलाजे और जुरा केमालाजे की जॉर्जिया की जोड़ी को 6-1, 6-2 से हराकर 3-0 से क्लीनस्वीप किया। दिन के एक अन्य मुकाबले में दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी पाब्लो कारेनो बुस्ता ने एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चिली के एलेसांद्रो ताबिलो को 6-4, 7-6 (7-4) से हराकर स्पेन को बढ़त दिलाई। रॉबर्टो बतिस्ता आगुत ने इसके बाद चिली के दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टियन गेरिन को 6-0, 6-3 से हराकर स्पेन की जीत सुनिश्चित की। एलेक्सांद्रो डेविडोविच फोकिना और पेड्रो मार्टिनेज ने इसके बाद चिली के टॉमस बारियोस वेरा और ताबिलो को 7-6 (3), 4-6, 10-7 से हराकर स्पेन के लिए क्लीनस्वीप सुनिश्चित किया।

# 5 वनडे में 4 सैकड़ा जड़ने वाले बल्लेबाज का टीम इंडिया में हुई एंट्री

### चीफ सेलेक्टर ने बोले- ये भारत का नाम रोशन करेगा



**नई दिल्ली ।**

प्रमुख चयनकर्ता चेतन शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी वनडे श्रंखला लिए चुने गए सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ की सराहना करते हुए कहा कि महाराष्ट्र का यह बल्लेबाज नेशनल टीम के लिए बेहद सफल हो सकता है। भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 19, 21 और 23 जनवरी को पार्ल और केपटाउन में तीन वनडे मुकाबले खेलने हैं। पुणे के रहने वाले 24 साल के ऋतुराज आईपीएल 2021 में 635 रन के साथ टॉप स्कोरर रहे थे और उन्होंने चेन्नई सुपरकिंग्स को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। चेतन शर्मा की अगुआई वाली चयन समिति ने शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का चयन किया। चेतन शर्मा ने टीम चयन के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'देखिए, बेशक उसे सही समय पर मौका मिला है। वह टी20 टीम में था और अब वह वनडे टीम में भी है। चयनकर्ताओं को लगता है कि उसे जिस भी टीम में जगह मिलेगी वह देश के लिए बेहद सफल रहेगा।'

चेतन शर्मा के मुताबिक ऋतुराज को उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला। उन्होंने कहा, 'हमने उसका (ऋतुराज) चयन किया है। अब यह टीम मैनेजमेंट पर निर्भर करता है कि वे देखें कि वह कब प्लेइंग इलेवन में खेल सकता है, कब उसकी जरूरत है और क्या संयोजन रहेगा। लेकिन फिलहाल वह न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज की टीम में भी था और अब वनडे टीम में भी है। वह अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और उसे इसका इनाम मिला है।' आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद इस सलामी बल्लेबाज ने विजय हजारे ट्रॉफी में भी अपनी बेहतरीन फॉर्म जारी रखा और पांच मैचों में 168 रन के बेस्ट स्कोर के साथ 603 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने टूर्नामेंट के 5 वनडे में 4 शतक ठोके। ऋतुराज ने पिछले साल जुलाई में कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था।

## संक्षिप्त समाचार



### क्रिकेट लीजेंड क्रिस गेल का सम्मान करेंगे : क्रिकेट वेस्टइंडीज

**पोर्ट ऑफ स्पेन ।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ आगामी दो सफेद गेंद सीरीज के लिए दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल को टीम में शामिल नहीं किया है, लेकिन बोर्ड ने जोर देकर कहा है कि क्रिकेट लीजेंड गेल को उचित रूप से सम्मानित किया जाएगा। सीडब्ल्यूआई के प्रमुख रिकी स्केरिट ने शुक्रवार को आयरलैंड के खिलाफ तीन वनडे और एक टी-20 तथा इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए वेस्ट इंडीज टीम की घोषणा के बाद क्रिकबज को बताया, 'गेल युवा अवधि से ही जमैका और वेस्टइंडीज के लिए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। वह प्रशंसकों द्वारा धन्यवाद और सम्मान के पात्र हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज उनके सम्मान में विदाई मैच को इस तरह से आयोजित करने का सही तरीका खोजेगा कि क्रिस इसका आनंद ले सकें। ऐसी खबरें आई हैं कि सीडब्ल्यूआई 42 वर्षीय अनुभवी सलामी बल्लेबाज के लिए आयरलैंड के खिलाफ विदाई मैच पर विचार कर रहा है, जिन्होंने 103 टेस्ट के अलावा वेस्टइंडीज के लिए 380 सफेद गेंद मैच (301 वनडे और 79 टी-20) मैच खेले हैं, लेकिन स्केरिट ने कहा कि आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टी-20 के लिए उन्हें विशेष रूप से चुनने की कोई योजना नहीं थी।

### गैरी कर्स्टन ने एलिस्टर कुक को मुख्य कोच बनने की बात कही

**लंदन।** मौजूदा एशेज सीरीज में इंग्लैंड का प्रदर्शन काफी बुरा रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली है।अभी तक तीनों टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को हर विभाग में पीछे छोड़ा है।द.अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी और टीम इंडिया और साउथ अफ्रीका के पूर्व हेड कोच गैरी कर्स्टन ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक को टीम का मुख्य कोच बनाने की सलाह दी है।बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को एक पारी और 14 रनों से हराकर सीरीज पर कब्जा कर लिया है। कर्स्टन ने कहा,'मुझे लगता है, एलिस्टर कुक को इंग्लैंड की कोचिंग के लिए नियुक्त करना चाहिए। इंग्लैंड के कोच के रूप में क्रिस सिलवरवुड को लेकर अटकलें तेज हैं। टीम ने 2021 में नौ टेस्ट हारे हैं,जिसमें उन्होंने एशेज भी गंवा दिया है।' 37 साल के कुक ने इंग्लैंड की तरफ से 161 टेस्ट खेले हैं।इनमें कुक ने 12,400 से अधिक रन बनाए हैं। इग्लैंड की टीम के प्रदर्शन को लेकर उन्होंने कहा,'इंग्लैंड टीम अपने खराब प्रदर्शन के कारण साल 2021 में टॉप छह में शामिल नहीं हो सकी। जो रूट के नेतृत्व वाली टीम ने एशेज भी गंवा दिया है। हालांकि, रूट ने टेस्ट मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए बल्लेबाजी की है।' गौरतलब है कि कर्स्टन ने भारत और दक्षिण अफ्रीका के कोच के तौर पर काम करते हुए दोनों टीमों को टेस्ट रैंकिंग में टॉप पर पहुंचाया था।उन्होंने कहा कि वह टीम में शामिल होने के लिए समय बर्बाद नहीं करने वाले हैं। इंग्लैंड की कोशिश होगी कि वो सीरीज के बाकी दो मैच जीतकर सम्मानजनक विदई ले। एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

# इंग्लैंड के खिलाड़ियों को IPL के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर नहीं रहना चाहिए: आथर्टन



**लंदन ।**

ऑस्ट्रेलिया में एशेज सीरीज में इंग्लैंड के खराब प्रदर्शन को देखते हुए पूर्व कप्तान माइकल आथर्टन ने कहा है कि देश के क्रिकेटरों को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर नहीं होना चाहिए। इंग्लैंड की टीम शुरुआती तीन मैचों में करारी हार के बाद पहले ही ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज गंवा चुकी है और टीम के लचर प्रदर्शन की पूर्व खिलाड़ियों ने कड़ी आलोचना की है। आथर्टन ने अपने कॉलम में लिखा, 'खिलाड़ियों को आईपीएल में खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर नहीं रहना चाहिए, ना ही कहीं और खेलने के लिए आराम दिया जाना चाहिए और ना ही रोटेट किया जाना चाहिए।' लुभावने आईपीएल के संदर्भ में इस पूर्व कप्तान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाल गेंद के प्रारूप में इंग्लैंड की टीम के प्रदर्शन में सुधार के लिए सुझाव दिए। आथर्टन ने कहा, 'कई प्रारूप में खेलने वाले प्रमुख खिलाड़ियों को सात अंक में धनराशि दी जाती है लेकिन अजीब है कि साल के दो महीने इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान ईसीबी उनसे हाथ धो बैठता है।' उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों को बताया जाना चाहिए कि ईसीबी आईपीएल में खेलने के आग्रह पर विचार करेगा लेकिन उनका अनुबंध पूरे 12 महीने का है ओर आईपीएल तथा अन्य फ्रेंचाइजी प्रतियोगिताओं में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाना इस पर निर्भर करता है कि यह इंग्लैंड टीम के सर्वश्रेष्ठ हित में हो।' इंग्लैंड की 1993 से 2001 के बीच 54 टेस्ट में कप्तानी करने वाले आथर्टन का मानना है कि पांच दिवसीय प्रारूप में बेन स्टोक्स मौजूदा कप्तान जो रूट की जगह लेने के लिए व्यावहारिक विकल्प हैं। पिछले साल बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले रूट की ऑस्ट्रेलिया में कप्तानी को लेकर आलोचना हुई है। आथर्टन ने लिखा, 'चयन से लेकर रणनीति पर इतनी अधिक गलतियां की गई कि कप्तान को निजी तौर पर जिम्मेदारी लेनी होगी। रूट अगर मैदान पर चीजें सही करते तो यह इससे काफी अधिक करीबी सीरीज होती।'

## लक्ष्मण ने भारतीय अंडर-19 टीम की एशियाई कप में खिताबी जीत की प्रशंसा की


**नई दिल्ली ।**



राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि भारतीय अंडर-19 टीम की एशियाई कप में खिताबी जीत प्रशंसा की अधिक पात्र है, क्योंकि टूर्नामेंट से पहले खराब मौसम के कारण खिलाड़ियों की तैयारी प्रभावित होने के बावजूद जीती है। भारत ने महाद्वीप के आयु वर्ग के शीर्ष टूर्नामेंट में फिर अपनी श्रेष्ठता साबित कर दुबई में वर्षा से प्रभावित खिताबी मुकाबले में श्रीलंका को 9 विकेट से हराकर रिकॉर्ड आठवीं बार खिताब जीता। लक्ष्मण ने आईसीसी अंडर-19 विश्व कप से पहले इस नतीजे को मनोबल बढ़ाने वाली जीत बताया। अंडर-19 विश्व कप वेस्टइंडीज में 14 जनवरी से पांच फरवरी तक होगा। लक्ष्मण ने ट्वीट किया, भारत अंडर-19 टीम को एशियाई कप अंडर-19 खिताब जीतने के लिए बधाई। उनकी तैयारी मौसम से प्रभावित रही और साथ ही अन्य समस्याएं भी थी लेकिन यह देखकर अच्छा लगा कि प्रत्येक मैच के साथ वे बेहतर होते चल गए। उन्होंने कहा, खिताब जीतने जितना ही संतोषजनक है। विश्व कप से पहले मनोबल बढ़ाने के लिए आदर्श जीत।' फाइनल में भारत ने दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 33 ओवर में श्रीलंका का स्कोर सात विकेट पर 74 रन कर दिया था जिसके बाद बारिश के कारण 2 घंटे से अधिक खेल रुका रहा। खेल शुरू होने पर इस 38 ओवर का मुकाबला कर दिया था और श्रीलंका ने 9 विकेट पर 106 रन बनाए। भारत को डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत 102 रन का संशोधित लक्ष्य मिला जो उसने 21.3 ओवर में विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी ने 67 गेंद में नाबाद 56 रन बनाए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह ने भी जीत पर टीम को बधाई दी।

## फ्रेंच कप मैच से पहले मोनाको के सात खिलाड़ी कोविड-19 से संक्रमित

**मोनाको :**




फ्रेंच कप में रविवार को खेले जाने वाले मैच से पहले मोनाको फुटबॉल क्लब के सात खिलाड़ी कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाये गये है। क्लब ने शनिवार को यह जानकारी दी। फ्रांस की घरेलू फुटबॉल लीग में खेलने वाली इस टीम ने कहा कि सात में से किसी भी खिलाड़ी की स्थिति गंभीर नहीं है और सभी पृथकवास में है। बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के कोविड-19 से संक्रमित होने के बाद भी टीम इस मुकाबले के लिए मैदान में उतरेगी। इस मुकाबले के साथ रविवार को फ्रेंच कप के 12 अन्य मैच खेले जाने हैं।

# एशेज : ट्रैविस हेड की जगह सिडनी टेस्ट में इस खिलाड़ी को मिल सकता है मौका



**स्पोर्ट्स डेस्क ।**

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने लगातार तीन मैच जीतकर एशेज सीरीज पर कब्जा कर लिया है। अभी सीरीज के दो मैच बाकी हैं जिसमें से चौथा मुकाबला सिडनी में खेला जाएगा। इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम में एक बदलाव तो पक्का है और वह है ट्रैविस हेड की जगह किसी अन्य खिलाड़ी का टीम में शामिल होना। रिपोट्र्स के मुताबिक ट्रैविस की जगह उस्मान ख्वाजा को टीम में शामिल होंगे। ट्रैविस हेड ने कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए और अपने साथी के साथ अलग-थलग हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एहतियाती कदम उठाते हुए तीन खिलाड़ियों मिच मार्श, निक मैडिनसन और जोश इंगलिस को कवर के तौर पर टीम में शामिल किया था। हालांकि सभी तीन खिलाड़ी कोविड-19 नेगेटिव परीक्षण वाले पूरे खेल दल के साथ अलग से इंतजार करना पड़ सकता है। वहीं उस्मान ख्वाजा का राष्ट्रीय टीम में वापसी करना और अगस्त 2019 में इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स टेस्ट के बाद पहली बार प्रारूप में खेलना लगभग तय है। ख्वाजा पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे वह एकमात्र ऐसा स्थान है जहां उन्होंने अब तक अपने टेस्ट करियर में बल्लेबाजी नहीं की है। दक्षिणपूर्वी ने इस सीजन में शेफील्ड शील्ड में रन लुटाए और फिर से वापसी की। लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने हेड के साथ जाना पसंद किया क्योंकि एशेज तक वह शानदार फॉर्म में था। ख्वाजा ने कहा कि जब आप खेल से बाहर होते हैं तो यह हमेशा अच्छा होता है - मैंने अभी एक महीने तक नहीं खेला है - लेकिन इसमें बहुत अधिक समय नहीं लगना चाहिए, अगर मैं खेलता हूं और वहां से निकलता हूं तो आधे घंटे तक बल्लेबाजी करें और इसमें शामिल हों मुझे उस सिंक को फिर से ढूंढना चाहिए। इस बीच, उस्मान ख्वाजा इस तथ्य से अवगत हैं कि सिडनी टेस्ट के बाद उनके प्रदर्शन के बावजूद उन्हें बाहर किया जा सकता है। ट्रैविस हेड के होबार्ट में पिंक बॉल टेस्ट के लिए उपलब्ध होने की उम्मीद है। ख्वाजा ने कहा कि यह उन चीजों में से एक है जहां अगर मैं भी खेलता हूं, तो यह केवल एक मैच के लिए होगा ... मैं उस स्थिति को समझता हूं ... उम्मीद है कि मैं वहां जा सकता हूं और शतक बना सकता हूं और 'हेडी' की अनुपस्थिति में टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। इस बीच, सलामी बल्लेबाज मार्कस हैरिस अभी भी मेलबर्न में हैं और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया उन्हें यात्रा करने में मदद करने का सबसे अच्छा तरीका ढूंढ रहा है।

## रवि शास्त्री का बड़ा बयान- हम टी20 विश्वकप में डरपोकों की तरह खेले

**स्पोर्टस डेस्क ।** पिछले साल अक्तूबर के महीने में खेले गए आईसीसी टी20 विश्वकप में भारतीय टीम का प्रदर्शन औसत दर्जे का रहा। भारतीय टीम ने अपने पूल में दोनों मजबूत टीमों पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद भारतीय टीम की खूब आलोचना हुई। अब इस पर उस समय भारतीय टीम के कोच रहे रवि शास्त्री का बयान सामने आया है। रवि शास्त्री ने अपने बयान में कहा कि टी20 विश्वकप में भारतीय टीम पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के सामने हम डरपोकों की तरह खेले थे। शास्त्री ने कहा कि टी20 विश्वकप भारतीय टीम जिस कायरता के साथ खेली थी वह उन्हे हमेशा चुभेगा। पाकिस्तान ने उस दिन हमारे खिलाफ बहुत शानदार प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड ने भी हमारे खिलाफ अच्छी क्रिकेट खेली। हम कायरों की तरह मैच खेल रहे थे और बहुत ज्यादा डरे हुए थे। यह हमारे प्रदर्शन से भी दिख रहा था। हमें खुलकर खेलने के बारे में सोचना चाहिए था। अगर आप लड़कर मैच हारते तो अफसोस नहीं होता पर जब आप डरपोक की तरह मैच हारते हैं तो बहुत ज्यादा चोट पहुंचती है। शास्त्री ने आगे कहा कि अगर आप विश्वकप टूर्नामेंट की शुरूआत इस तरह से करते हैं तो यकीनन आपको मुश्किल में फसेंगे। यह 2019 के विश्वकप के जैसा नहीं था जहां आपको हर टीम के साथ मैच खेलने को मिलेगा। मुझे जो लगता है कि आगे बढ़ने का सबसे बढ़िया तरीका वो है जो फॉर्मेट में सबसे बेहतर खेल दिखाए। इसके बाद प्लेऑफ मुकाबलों में उतरें। गौर हो कि भारतीय टीम को टी20 विश्वकप में पाकिस्तान से पहली बार हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 151 रन ही बना पाई। लक्ष्य का पीछा करने आई पाकिस्तान की टीम ने बिना कोई विकेट गंवाए इस लक्ष्य को 17.5 ओवर में हासिल कर लिया और 10 विकेट से मैच को जीत लिया।

# ट्रांसफर्मर में फंसे पतंग निकालने की कोशिश में 12 वर्षीय किशोर ने गंवाई जान



**सूरत।** शहर के भेस्तान क्षेत्र में ट्रांसफर्मर में फंसे पतंग निकालने की कोशिश में 12 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई। बता दें कि बीते दिन अडाजण क्षेत्र के नीलकंठ एवन्यू के पांचवीं मंझिल पर पतंग उडा रहे एक मासूम बच्चे की नीचे गिरने से मौत हो गई थी। मासूम बच्चे के बाद पतंग ने एक और किशोर की जिंदगी की डोर काट दी। जानकारी के मुताबिक सूरत के भेस्तान क्षेत्र में रहनेवाला 12 वर्षीय फरदीन फिरोज शेख कल शाम भेस्तान स्थित इलेक्ट्रिक ट्रांसफर्मर में धमाका होने से बुरी तरह झुलस गया था। गंभीर हालत में फरदीन शेख को सूरत के नए सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां आज सुबह फरदीन की मौत हो गई।

फरदीन के पिता फिरोज शेख ने बताया कि बीती शाम भेस्तान आवास क्षेत्र के मैदान में लगे ट्रांसफर्मर में एक पतंग फंसा हुआ था। फरदीन ट्रांसफर्मर में फंसे पतंग को निकालने का प्रयास कर रहा था, उस वक्त अचानक धमाका होने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। फिरोज शेख ने इस घटना के लिए गुजरात विद्युत कंपनी को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि ट्रांसफर्मर के आसपास कोई अवरोध नहीं लगाए गए। विद्युत कंपनी की लापरवाही की जिसकी वजह से मासून फरदीन की चली गई। यदि ट्रांसफर्मर के आसपास अवरोध लगाए गए होते तो फरदीन ट्रांसफर्मर तक नहीं पहुंचता और उसकी बच सकती थी। फिलहाल पुलिस ने दुर्घटना मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# नए साल पर गुजरात को अंतरराज्यीय हवाई सेवा की मिली गिफ्ट, सूरत से चार शहरों को जोड़ेगी




**सूरत ।** नए साल पर गुजरात के चार शहरों को जोड़ने वाली अंतरराज्यीय हवाई सेवा का आज से प्रारंभ हो गया। गुजरात के नागरिक उड्डयन मंत्री पूर्णेश मोदी ने गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी, प्रदेश भाजपा प्रमुख व सांसद सीआर पाटील, केन्द्रीय रेल राज्यमंत्री दर्शना जरदोश के अलावा विधायक संगीता पाटील, मुकेश पटेल, वीडी झालावाडिया समेत एयर वेन्चुरा कंपनी के लवजी बादशाह और सवजी धोलकिया की उपस्थिति में अंतरराज्यीय हवाई का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर पूर्णेश मोदी ने कहा कि शहर एवं गांव के बीच मास ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा के लिए सरकार कटिबद्ध है। रोड कनेक्टिविटी, समुद्र कनेक्टिविटी के बाद अब एयर कनेक्टिविटी आनेवाले समय में काफी महत्वपूर्ण साबित होगी। सामान्य व्यक्ति भी हवाई यात्रा का लाभ ले सके, इस प्रकार काफी किफायती दर पर चार शहरों को जोड़ती हवाई सेवा का प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के कोने कोने से आकर सूरत को कर्मभूमि बनाने वालों के लिए यह हवाई सेवा काफी महत्वपूर्ण साबित होगी। अंतरराज्यीय हवाई सेवा के प्रारंभ होने के अवसर वेन्चुरा एयर कनेक्ट कंपनी द्वारा देश में स्वच्छता सर्वेक्षण में सूरत शहर को दूसरा पायदान पर स्थापित करने में अहम भूमिका निभानेवाले स्वच्छता सैनिकों को खास तौर पर सम्मानित किया गया। साथ ही शहर में कानून-व्यवस्था बरकरार रखने के लिए दिन-रात एक करने वाले पुलिस जवानों का भी सम्मान किया गया।

नए साल पर सूरत से प्रारंभ हुई अंतरराज्यीय हवाई सेवा से अहमदाबाद, भावनगर, राजकोट और अमरेली शहर जुड़ेंगे। जनवरी महीने में सभी सेक्टर के लिए हवाई सेवा का किराया रु. 1999 तय किया गया है। सरकार की इस योजना से लोग जल्द अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। साथ ही आपात स्थित में वृद्ध और अशक्तों को इसका लाभ मिलेगा तथा उद्योग व पर्यटन क्षेत्र को गति मिलेगी। राज्य सरकार द्वारा एयरलाइन कंपनी वेन्चुरा एयर कनेक्ट के साथ राज्य के विभिन्न शहरों को हवाई सेवा से जोड़ने के लिए करार किया गया है। इसके अंतर्गत आज से प्रारंभ हुई हवाई सेवा दुनिया में सबसे सुरक्षित कैटेगरी में शामिल ऐसे सेस के ग्रांड केरेवान द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। वेन्चुरा कंपनी द्वारा विमान 9 यात्री और 2 पायलट के साथ उड़ान भरेगा और सेक्टर के मुताबिक सूरत से भावनगर 30 मिनट में, सूरत से अमरेली 45 मिनमट में, सूरत से अहमदाबाद 60 मिनट में और सूरत से राजकोट 60 मिनट सफर पूर्ण करेगा।

# आगामी 10 जनवरी को राज्य के 97 उप पंजीयक कार्यालय बंद रहेंगे

**अहमदाबाद ।** राजस्व विभाग के अंतर्गत कार्यरत राज्य के 9। उप पंजीयक कार्यालय आगामी 10 जनवरी को बंद रहेंगे। इस दिन कचहरी में दस्तावेज संबंधी पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण रूप से बंद रहेगी। पंजीकरण निरीक्षक की विज्ञिप्त के मुताबिक पंजीकरण प्रभाग में जिले के विभिन्न उप पंजीयक कचहरी में सेवारत सीधी भर्ती से नियुक्ति पाने वाले उप पंजीयक वर्ग-3 और क्लर्क वर्ग-3 के संवर्ग के कर्मचारियों के लिए आगामी 8, 9 और 10 जनवरी 2022 के दौरान उप पंजीयक की विभागीय परीक्षा का आयोजन किया गया है। गुजरात गौण सेवा द्वारा होनेवाली विभागीय परीक्षा में नियमित उप पंजीयक एवं प्रभारी उप पंजीयक समेत करीब 3।3 जितने कर्मचारियों के शामिल होने से राज्यभर के 9। जितने कार्यालय बंद रहेंगे। गांधीनगर जिले में माणसा उप पंजीयक कार्यालय संपूर्ण बंद रहेगा। जबकि गांधीनगर उप पंजीयक कार्यालय में कुल 4 में से 2 टोकन स्लोट बंद रहेंगे। मेहसाणा सब रजिस्ट्रार में दो में से एक टोकन स्लोट और कड़ी उप पंजीयक कार्यालय में एक टोकन स्लोट बंद रहेगा। वलसाड जिले के वापी उप पंजीयक कार्यालय में दो में से एक टोकन स्लोट बंद रहेगा। विज्ञप्ति के मुताबिक 10 जनवरी को अहमदाबाद जिले के बावला, साणंद, धोलेरा, धंधुका, विरमगाम, मांडल, धोलका, वेजलपुर और अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में नरोडा-6, ओढव-। के सब रजिस्ट्रार ऑफीस, अमरेली जिले के बगसरा और वडिया, आणंद जिले में पेटलाद, बोरसद, खंभात, आंकलाव, सोजित्रा, तारापुर, खेडा जिले में महुधा, कपडवंज, वसो और ठासरा, गांधीनगर जिले में माणसा, देवभूमि द्वारका जिले में द्वारका, जूनागढ़ जिले में विसावदर, मालिया हाटीना, भेंसाण, जूनागढ़-2, मेंदरडा, मांगरोल, वंथली, गिर सोमनाथ जिले के वेरावल, कोडीनार, ऊना, दाहोद जिले के दाहोद और झालोद, पाटन जिले के सरस्वती, सिद्धपुर, चाणस्मा, हारिज, शंखेश्वर, राधनपुर, सांतलपुर और महीसागर जिले के वीरपुर सब रजिस्ट्रार ऑफीस बंद रहेगी। इसके अलावा बनासकांठा जिले के वडगाम, दांतीवाडा, दियोदर, शिरोही, सूईगाम, अमीरगढ़, लाखणी, धानेरा, भाभर, भावनगर जिले के भावनगर जोन-1, 2, 3, 4, तलाजा, पालीताणा, शिहोर, गारियाधार, उमराला, वल्लभीपुर, घोघा और जेसर, बोटाद जिले के बोटाद, गढ़डा, राणपुर, बरवाला, मेहसाणा जिले के विसनगर, सतलासणा, बेचराजी, जोटाणा, विजापुर, राजकोट जिले के राजकोट जोन-3 व 8, गोंडल, धोराजी, उपलेटा, जसदण, मोरबी जिले के हलवद, छोटाउदेपुर जिले में क्वांट, नसवाडी, वलसाड जिले में धरमपुर, कपराडा, वापी जिले में दो में से एक टोकन स्लोट संपूर्ण बंद रहेगा। वहीं साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर, तलोद, वडाली, खेडब्रह्मा, विजयनगर, पोशीना, सुरेन्द्रनगर जिले में वढवाण, मूली, लखतर, दसाडा-पाटडी और तापी जिले में वालोड व सोनगढ़ का उप पंजीयक कार्यालय 10 जनवरी 2022 को बंद रहेगा।

# सूरत शहर में 33 वर्ष के भाजपा के निष्फल शासन के सात्पाहिक उत्सव के रूप में मना रहा हैं कांग्रेस



**सूरत भूमि, सूरत** - सूरत शहर जिला कांग्रेस समिति द्वारा आयोजित खाड़ी महोत्सव के प्रथम दिन पर उधना सत्य नगर सत्तेश्वर हनुमान मंदिर में सुंदरकांड भजन संध्या और खिचड़ी महाप्रसाद का आयोजन किया गया। जिसमें सूरत शहर कांग्रेस के कार्यकारी प्रमुख नैषधभाई देसाई, प्रदेश कांग्रेस के सह मंत्री आशीष राय, रोशन मिश्रा, विवेक राय, अशोक भाई आधेवडा, दिनेश भाई सांवलिया, सुरेशभाई सुहागिया, हरीश भाई सूर्यवंशी, धीरुभाई लाठिया, अशोक कोठारी, आदित्य शुक्ला, प्रिंस पांडे, संगीता बहन राठौड जयेशभाई भट्ट, सुभाषभाई इनामदार, अवधेश शुक्ला, अजय पाल, डॉक्टर आलोक आशीषभाई , आलोकभाई दुबे, 150 से भी अधिक कांग्रेस के कार्यकर्ता और सोसायटी के अग्रणीयों ने भाग लिया।

# विश्व गुजराती समाज द्वारा समाज सेवा से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों को विशेष सम्मान



सरदार वल्लभभाई पटेल विश्व प्रतिभा पुरस्कार गुजराती गणमान्य व्यक्तियों को प्रदान किया गया जिन्होंने विश्व गुजराती समाज द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में समाज और राष्ट्र के लिए विशेष योगदान दिया है।यह पुरस्कार गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत के अध्यक्ष के रूप में और केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला के विशेष अतिथि के रूप में आयोजित किया गयाथा,जिसमें डॉ. रिजवान कादरी को सरदार पटेल विश्व प्रतिभा पुरस्कार, पद्मश्री माथुरभाई सवानी को गुजरात प्रतिभा पुरस्कार और दिल्ली गुजराती समाज को विशेष सम्मान से नवाजा गया।

# 3 से 9 जनवरी किशारों के लिए खास अभियान चलाया जाएगा : स्वास्थ्य सचिव




**अहमदाबाद ।** स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज अग्रवाल ने आज कहा कि कोविड-19 से 15 से 18 वर्षीय किशोरों को सुरक्षित करने के लिए राज्यभर में 3 जनवरी से 9 जनवरी 2022 के दौरान खास अभियान चलाया जाएगा। इस महाभियान के तहत एक भी किशोर वैक्सीन से छूट नहीं जाएगा इसके ।जनवरी को संनिष्ठ प्रयास किए जाएंगे। आज इस संदर्भ में राज्य के महानगर पालिका आयुक्त और जिला कलेक्टरों के साथ अभियान की तैयारी के बारे में चर्चा की गई और जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। मनोज अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के मार्गदर्शन में वैक्सीनेशन अभियान की संपूर्ण तैयारी और व्यवस्था कर ली गई है। इस अभियान के तहत 15 से 18 वर्षीय करीब 36 लाख किशोरों को वैक्सीनेट किए जाने का आयोजन है। जिसमें स्कूल, आईटीआई और स्कूल नहीं जाने वाले किशोरों का भी वैक्सीनेशन किया जाएगा। साथ ही दिव्यांग संस्थाएं, अनाथ आश्रम और मानसिक रूप से अस्वस्थ किशोरों का भी टीकाकरण इस अभियान के दौरान किया जाएगा। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि फिलहाल इन किशोरों को वैक्सीन का पहला डोज दिया जाएगा और इसके लिए राज्य में पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन का स्टॉक उपलब्ध है। राज्य में करीब 3500 से अधिक सेंटर कार्यरत किए जाएंगे। साथ ही स्थानीयस्तर पर जरूरत के मुताबिक सेशन बढ़ाया जाएगा। फिलहाल सुबह 9 से शाम 6 बजे तक टीकाकरण समय निर्धारित किया गया है, जिसे बढ़ाया भी जा सकता है। किशोरों के टीकाकरण के लिए आज से रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है और ऑन द साइट भी पंजीकरण कराया जा सकेगा। पंजीकरण के दौरान आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसंस जरूरी होगा। ऐसे कोई प्रमाण नहीं होने पर कोई किशोर वैक्सीनेशन से वंचित नहीं रहे इसके लिए कोई एक मोबाइल देना होगा। जिसमें माता-पिता, मित्र या स्कूल के शिक्षक या आचार्य के मोबाइल से रजिस्ट्रेशन कर वैक्सीनेशन किया जाएगा। अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान के तहत । जनवरी से राज्यभर में खास महा अभियान शुरू किया जाएगा, जिसमें सभी किशोरों और कक्षा 10 में अध्ययनरत किशोरों के टीकाकरण पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाएगा, ताकि बोर्ड की परीक्षा के दौरान कोई प्रकार की तकलीफ नहीं हो। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष से अधिक आयु के कोमोर्बिड वयस्कों, फ्रंट लाइन वर्कर, हेल्थ केयर वर्कर को भी आगामी 10 जनवरी से प्रिकोशन डोज देने की पूरी तैयारी कर ली गई है। जिसमें करीब 13 से 14 लाख वयस्कों का डेटा स्वास्थ्य विभाग के पास तैयार है। हांलाकि प्रिकोशन डोज दूसरा टीका लगवाने के 39 सप्ताह के बाद दिया जाएगा।



**सूरत भूमि, सूरत ।** उत्तर भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रमुख राजाराम मिश्रा के जन्मदिन के अवसर पर डिंडोली नवागांव के अश्वनी पार्क सोसाइटी में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया । था मनोज शुक्ला, ओमकार मिश्रा, गुलजारीलाल उपाध्याय, चन्द्रमोहन झा, विजय पाण्डेय, ज्ञानप्रकाश श्रीवास्तव, शंकर दुबे, अंकित मिश्रा, संजय मिश्रा, इन सब लोगो ने मिलकर उत्तर भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रमुख राजाराम मिश्रा का जन्मदिन मनाया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, सम्पादकः संजय रमाशंकर मिश्रा द्वारा ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सुरत ( गुजरात ) प्रिन्टर्स- भूनेश्वरा प्रिन्टर्स, प्लाट नं. 29, परमानन्द इण्डस्ट्रीयल सोसायटी, चौकसी मील के पास, उधना मगदल्ला रोड़ ( गुजरात ) से मुद्रित एवं ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सूरत ( गुजरात ) से प्रकाशित। कार्यालय फोनः 0261-2274271, ( न्यायिक क्षेत्र सूरत रहेगा )